दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 209 | सीकर, सोमवार 28 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

गीता देवी की स्मृति में 150 प्रतिभाओं का सम्मान, आगे बढ़ने के लिए किया प्रोत्साहित

खेतड़ी में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, अतिथियों ने कहा- उचित मंच और प्रोत्साहन से बढ़ता है आत्मविश्वास



निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। भोपालगढ़ रोड स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को स्व. गीता देवी की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्र की करीब 150 प्रतिभाओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर प्रतिभाओं के चेहरे पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आंचल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर और डीएसपी जुल्फीकार अली रहे। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन उमराव सिंह कुमावत ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के राधेश्याम भारती एवं भामाशाह सोहनलाल वर्मा की ओर से क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि प्रतिभाओं को उचित मंच और प्रोत्साहन मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे वे अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होती हैं। मुख्य अतिथि आंचल गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें पहचानने, प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की है। युवाओं को शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का निरंतर विकास करते हुए मेहनत करनी चाहिए। समारोह में अभिभावकों ने भी प्रतिभाओं के सम्मान की सराहना की। आयोजन समिति ने भविष्य में भी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर डॉ. जुल्फीकार भीमसर, मूर्तिकार मातूराम वर्मा, एडवोकेट विश्वनाथ अग्रवाल, अमरचंद शर्मा, डॉ. अक्षय कुमार शर्मा, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, डॉ. संदीप डांगी, सुभाष चेजारा, डॉ. पारस वर्मा, सहीराम वर्मा, पूर्व चेयरमैन सीताराम शर्मा, विजेंद्र शर्मा, नरेंद्र स्वामी, आजाद अहमद, सुरेंद्र शर्मा, किशोरी लाल और डॉ. रामकुमार सिराधना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।


भगत सिंह की जयंती पर गूंजे इंकलाब के नारे, युवाओं ने शहीद को किया नमन



निसं

चिड़ावा (नवयत्न)। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर रविवार को चौधरी कॉलोनी स्थित सामुदायिक विकास भवन में श्रद्धांजलि एवं विचार कार्यक्रम हुआ। अतिथियों और उपस्थित लोगों ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, संघर्ष और क्रांतिकारी विचारों को याद किया । भजनोपदेशक राजेंद्र सिंह ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भजनों के माध्यम से भगत सिंह के जीवन और संघर्ष का वर्णन किया। कार्यक्रम में रणवीर सिंह थालौर, अभय सिंह बडेसरा, मनीष थालौर ने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह का जीवन साहस, त्याग और देश के प्रति समर्पण की मिसाल है। उनके विचार आज भी युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान युवाओं ने 'शहीद भगत सिंह अमर रहें' और 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाए। कार्यक्रम में देशभक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर चन्द्रभान सिंह बिजारणियां, अजीत मुरादपुरिया, सतपाल बलौदा, हनुमान पचार, रणजीत सिंह भगासरा, विजेन्द्र आर्य चिंटू, राजेश राव, अजय नूनियां, अमित बलौदा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

नवयत्न कोबरी पोस्ट





एक दिन, दो फाइनल और दो सिल्वर! अभय-अनाहत ने रचा इतिहास

नई दिल्ली

एशियाई खेलों में सिंगल्स स्क्वैश में भारत का गोल्ड मेडल का इंतजार अभी जारी रहेगा। मेंस और विमेंस दोनों के फाइनल मुकाबलों में अभय सिंह और अनाहत सिंह को हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही दोनों लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के क्वालिफिकेशन स्पॉट से भी चूक गए। स्क्वैश लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में डेब्यू करेगा। दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह गोल्ड मेडल के मुकाबले में दुनिया के 17वें नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी एनग ईन यो से सीधे गेम में हार गए। ईन यो ने 11-9, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज कर एशियाई खेलों का अपना खिताब बरकरार रखा। इस नतीजे के बाद अभय को सिल्वर मेडल मिला, लेकिन वह लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के क्वालिफिकेशन स्पॉट से भी चूक गए। पुरुष और महिला सिंगल्स के एशियाई खेलों के गोल्ड मेडल विजेताओं को लॉस एंजिल्स ओलंपिक का क्वालिफिकेशन स्पॉट मिला।

सेमीफाइनल में पाकिस्तानी खिलाड़ी को दी थी मात-28 वर्षीय अभय ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को 11-3, 12-10, 11-6 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वह सौरव घोषाल के बाद एशियाई खेलों के सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने। भौगोलिकसंदर्भ 2024 में अर्जुन पुरस्कार पाने वाले अभय अप्रैल 2026 में पीएसए रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 22वें स्थान पर पहुंचे थे और वर्तमान में 26वें स्थान पर हैं।

अनाहत सिंह को भी सिल्वर से करना पड़ा संतोष-वहीं, विमेंस स्क्वैश सिंगल्स के फाइनल में अनाहत सिंह को भी हार का सामना करना पड़ा। 18 साल की अनाहत को मलेशिया की शिवसंगरी सुब्रमण्यम ने 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। दुनिया की 17वें नंबर की अनाहत का सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी शिवसंगरी से था। वर्ल्ड जूनियर टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय अनाहत शनिवार को जापान की दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ की गई वापसी जैसा प्रदर्शन फाइनल में नहीं कर पाईं। मलेशियाई खिलाड़ी ने अनाहत को लगातार विनर्स लगाने का मौका नहीं दिया और लगातार अटैक करके उन पर दबाव बनाए रखा।

फिर भी अनाहत ने रचा इतिहास -हार के बावजूद अनाहत के लिए यह एक यादगार टूर्नामेंट रहा। उन्होंने महान जोशना चिनप्पा और दीपिका पल्लीकल से आगे निकलकर एशियाई खेलों के इतिहास में महिलाओं के सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनने का कारनामा किया। इसके साथ ही उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

बुहाना ब्लॉक के पांच गिरदावर सर्किलों में लगे जन सेवा शिविर



मधु दहिया

बुहाना (नवयत्न)। विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के चरण के दूसरे दिन रविवार को बुहाना ब्लॉक के बुहाना, बड़बर, भालोठ, खांडवा और कुहड़वास गिरदावर सर्किलों में शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए मौके पर ही आवेदन लिए गए। बुहाना सर्किल में पंचायत समिति से आशीष मान प्रगति प्रसार अधिकारी, होशियार सिंह ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), घनश्याम बरवड़ कम्प्यूटर ऑपरेटर, यादराम सहायक विकास अधिकारी और सुनील कुमार कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे। बड़बर सर्किल में शीशराम जांगिड़ और प्रवीण कुमार, भालोठ सर्किल में रमेश कुमार वरिष्ठ सहायक और राजकुमार कनिष्ठ तकनीकी सहायक, खांडवा सर्किल में प्रदीप कुमार टेलर सहायक विकास अधिकारी और बिजेंद्र सिंह कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा कुहाड़वास सर्किल में नरेश कुमार सहायक विकास अधिकारी और मोटूराम कम्प्यूटर ऑपरेटर ने सेवाएं दीं।शिविर में आमजन को सरकारी योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता से संबंधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के बारे में भी जागरूक किया गया। एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी से ग्रामीणों को कई सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। चिकित्सा विभाग की टीम ने बीमारियों से ग्रसित नागरिकों की जांच कर मौके पर दवाइयां और पोषण किट वितरित कीं। शिविरों में मंजू, श्रवण कुमार, गिरदावर बंशीधर, नटवर सिंह, विजय सिंह, रतन लाल, सुमित्रा, कनिष्ठ सहायक अमित यादव, वर्षा दहिया, डॉक्टर राजेश कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

मुकेश पचार की पुण्यतिथि पर 58 यूनिट रक्तदान



मंड्रेला (नवयत्न)। स्व. मुकेश पचार की 11वीं पुण्यतिथि पर पचार परिवार की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंड्रेला में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समर्पण ब्लड बैंक, झुंझुनू के सहयोग से आयोजित शिविर में 58 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का शुभारंभ सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रदीप शर्मा और अशोक नुनिया ने किया। इस अवसर पर पचार परिवार के सदस्यों ने स्व. मुकेश पचार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को पचार परिवार की ओर से प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकास मेघवाल, भीवराम पचार, कमल पचार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पचार परिवार ने शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं और सहयोग करने वाले लोगों का आभार जताया।

पातुसरी में 25 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशा सहयोगिनियों का सम्मान

विधायक भांबू बोले- स्वास्थ्य-पोषण के साथ सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में निभा रहीं अहम भूमिका

निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत रविवार को पातुसरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू और विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अरुणा सिहाग ने 14 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, 6 आशा सहयोगिनियों और 5 सहायिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रवेशोत्सव जैसी गतिविधियां भी हुईं। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा केवल स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी सेवाएं ही नहीं देतीं, बल्कि बच्चों की शाला पूर्व शिक्षा और सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके योगदान को देखते हुए सरकार की ओर से विशेष अभियान चलाकर सम्मान किया जा रहा है। विभाग के उपनिदेशक बिजेन्द्र सिंह राठौड़ ने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़कर सामुदायिक स्तर पर सहयोग करने



का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

युवाओं की सेहत जांची, नशे के खिलाफ जगाई जागरूकता



हर्ष सोनी

झुंझुनूं (नवयत्न)। माय भारत केंद्र, झुंझुनू, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा गर्व' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सावित्री बाई फूले गर्ल्स छात्रावास में आयोजित स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर में युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नशामुक्ति, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि शिविर में बीडीके अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. कपूर थालौर एवं डॉ. तुलसी शर्मा ने युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बीएमआई की जांच के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी और सुझाव दिए गए। डॉ. कपूर थालौर ने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने तनाव कम करने के लिए सकारात्मक सोच रखने, अपनी समस्याएं परिवार या विश्वसनीय लोगों के साथ साझा करने तथा नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। डॉ. तुलसी शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अवसाद के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय पर विशेषज्ञ से परामर्श लेने पर जोर दिया। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने युवाओं को माय भारत के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान में युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य, खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में माय भारत स्वयंसेवक विपिन एवं विक्रम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन बैठक आयोजित



श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ रजि. संस्थान द्वारा 11 फरवरी 27 बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों जैसे जोड़े का पंजीयन करना, समाज के गणमान्य व्यक्तियों को विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर रविवार 27 सितंबर को ब्रह्मचारी आश्रम श्रीमाधोपुर में सभा का आयोजन किया गया । सम्मेलन को लेकर आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ रजि. संस्था की तीसरी मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग की अध्यक्षता सत्यनारायण सबलानिया ने की आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ के सचिव राजपाल चौधरी के मुख्य अतिथि एवं कन्हैया लाल शार्दूल के सानिध्य में मीटिंग का सफल आयोजन हुआ । यह जानकारी देते हुए आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ रजि. सीकर के सीईओ के के यादव ने बताया कि इस अवसर पर आदर्श एनजीओ के उपाध्यक्ष राकेश कटारिया, पिंटू सैनी, आदर्श एजुकेशन संस्थान एनजीओ कोषाध्यक्ष बलदेव सैनी, सदस्य विक्रम सैनी एसंरक्षक लोकेश सैनी के अलावा शहर के गणमान्य लोगों में गोपाल सैन, लक्ष्मीनारायण कुमावतए शंकर लाल भाटीए रामनिवास सैनीएसोहन लाल सैनीए रामचन्द्र जाट, मुकेश कुमार स्वामी, नानूराम सैनी, रामकुमार मीणा, रामनाथ सैनी, मुकेश कुमार सैनी, श्याम सुन्दर कुमावत व अन्य सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सम्मान समारोह



निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 5 की आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आंगनबाड़ी वार्ड संख्या 5 की कार्यकर्ता सुनीता प्रजापत, सहायिका ममता नाई, आशा अंजू शर्मा, कार्यकर्ता सुमन शर्मा सहायिका, सुशीला आशा, सुमन, कार्यकर्ता सुमित्रा, सहायिका दीपा और आशा मंजू जोशी के सम्मान के लिए महिला बाल विकास के सेवानिवृत्त अधिकारी शुभकरण महर्षि, वार्ड पार्षद नेहा महर्षि, प्रजापति समाज महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू बारवाल, अध्यापिका स्वाति पारीक, जगदीश, बीएलओ चिकित्सा विभाग से एनम भंवरी जेवलिया आदि उपस्थित थे। वार्ड की यशस्वी कुमावत ने आंगनवाड़ी पर नृत्य करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा तीनों का चुन्नी उढाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुमन निकिता रुखसाना मीना, निशा शर्मा आदि की गोद भराई करवाई गई व बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। इस अवसर पर मुन्नी शर्मा, नानू देवी, विजयलक्ष्मी, किरण, शिल्पा, मुन्नी कंवर, अनीता जेवलिया, सरिता जांगिड़, भंवरी, माया देवी, संपत देवी, सीता, संध्या, पिंकी माली, चंदा देवी, रेखा शर्मा, फूला देवी, रुक्मिणी देवी, कमला देवी, बान्नो जुबेदा, सलमा, आबिद मेहरुन्निसा, नसीम, रूपा सोनी, नसीम सहित कई संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।

श्री भानी धोरा मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित



निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ के श्री भानी धोरा मंदिर में गत रात्रि को पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी चेतन मंगलहारा ने बताया कि पिछले 30 महीनों से मंदिर में प्रत्येक पूर्णिमा की पावन रात्रि को सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। पाठ के समापन पर बाबा का खजाना कूपन के माध्यम से भाग्यशाली भक्तों को उपहार वितरित किए जाते हैं। पुजारी ने आगे बताया कि बच्चों में धार्मिक संस्कार और सुसंस्कार सिंचित करने के उद्देश्य से मंदिर समिति द्वारा बाल भक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत लगातार 90 दिनों तक मंदिर की सायंकालीन आरती में नियमित रूप से सम्मिलित होने वाले सभी बच्चों को साइकिल उपहार स्वरूप दी जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत 18 बच्चों का चयन हुआ है, जिन्हें आगामी शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नई साइकिल प्रदान की जाएगी।

फूसराज तोदी भवन का भव्य उद्घाटन 11 अक्टूबर को

निसं

राजलदेसर (नवयत्न)। राजलदेसर के नेशनल हाईवे-11 बीकानेर रोड स्थित नवनिर्मित फूसराज तोदी भवन रिजॉर्ट का भव्य उद्घाटन समारोह 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश के प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रिजॉर्ट मैनेजर वीरेंद्र लाटा ने बताया कि समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में स्वामी चिंद्रानंद सरस्वती महाराज, आचार्य बालकृष्ण, स्वामी हरिचेतनानंद महाराज, स्वामी रामानंद महाराज, मुरलीधर महाराज एवं संत सोमनाथ महाराज मौजूद रहेंगे। समारोह के लिए ईश्वरचंद तोदी, मुख्य ट्रस्टी, जयनारायण बजरंगलाल तोदी ट्रस्ट, राजलदेसर की ओर से विशेष आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में देवकीनंदन तोदी, नारायण तोदी, आनंद तोदी, विष्णु तोदीए अनिल तोदी, बनवारीलाल तोदी, यश तोदी सहित तोदी परिवार के सदस्य मौजूद रहेंगे। नवनिर्मित फूसराज तोदी भवन को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। उद्घाटन समारोह में संत-महात्माओं एवं गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी के चलते आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सुकता बनी हुई है। कार्यक्रम को लेकर भवन परिसर में साज-सज्जा, स्वागत व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजकों की ओर से समारोह में आने वाले अतिथियों एवं आगंतुकों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित

निसं

तारानगर (नवयत्न)। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत वार्ड नंबर 17 की आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड पार्षद बाबू हुसैन कुरैशी के मुख्यातिथ्य में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें में महिलाओं को बच्चों की उचित देखभाल, पोषण, बीमारियों से बचाव तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान 6 माह पूर्ण हुए बच्चों का कटोरी चम्मच देकर अन्नप्राशन करवाया। मुख्य अतिथि बाबू हुसैन कुरैशी ने आँगनबाड़ी की कार्यकर्ता दुर्गादेवी व सहायिका ललिता देवी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर आवश्यक टीकाकरण तथा स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को बीमारियों से बचाने, उनकी साफसफाई, पोषण और उचित देखभाल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों की बेहतर देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस मौके पर सुपर वाइजर सुनीता चौधरी, देवेंद्र सिँह, मोहम्मद अली लुहार, फारुख गौरी, खालिद तंवर, बतुला, दाऊद लुहार, कौशल्या देवी, सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक बच्चे व महिलाएं मौजूद रही।

सोशल मीडिया और बिखरते परिवार

संपर्क बढ़ा, संवाद घटा तो रिश्तों की गर्माहट कैसे बचेगी ?

विचार

(नवयत्न)। तकनीक ने इंसान की जिंदगी को आसान बनाया है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने दुनिया को हमारी हथेली में ला दिया है। हजारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से कुछ ही सेकंड में बातचीत संभव है। पुराने मित्र फिर से जुड़ रहे हैं, परिवार के सदस्य दूर रहकर भी एक-दूसरे की खबर ले सकते हैं। लेकिन इसी तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, क्या सोशल मीडिया हमें जोड़ते-जोड़ते अपने ही परिवार से दूर तो नहीं कर रहा। आज एक ही घर में रहने वाले चार लोग कई बार चार अलग-अलग डिजिटल दुनिया में दिखाई देते हैं। पिता मोबाइल पर व्यस्त हैं, मां सोशल मीडिया देख रही हैं, बच्चे ऑनलाइन गेम या वीडियो में लगे हैं, और परिवार के बीच होने वाला वास्तविक संवाद लगातार कम होता जा रहा है। घर में लोग साथ हैं, लेकिन मन और ध्यान अलग-अलग जगहों पर हैं।

साथ बैठना और साथ होना अलग-अलग बात है

पहले परिवार में भोजन का समय बातचीत का अवसर होता था। दिनभर की बातें साझा होती थीं, बच्चों की समस्याएं सुनी जाती थीं और बुजुर्ग अपने अनुभव बताते थे। आज भोजन की मेज पर भी मोबाइल पहुंच चुका है। परिवार के सदस्य एक-दूसरे को संदेश भेजने में तो सक्रिय हैं, लेकिन सामने बैठकर बातचीत करने का समय कम होता जा रहा है। यही अंतर धीरे-धीरे भावनात्मक दूरी का कारण बन सकता है। सोशल मीडिया स्वयं समस्या नहीं है। समस्या तब पैदा होती है जब आभासी दुनिया वास्तविक रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण लगने लगे।

तुलना रिश्तों में तनाव बढ़ाती है

सोशल मीडिया पर हर व्यक्ति अपने जीवन का सुंदर पक्ष दिखाता है। खुशहाल परिवार, घूमने के स्थान, शानदार समारोह और मुस्कुराते चेहरे देखकर दूसरे लोग अपने जीवन की तुलना करने लगते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली जिंदगी पूरी जिंदगी नहीं होती। वहां परेशानियां, मतभेद, आर्थिक संघर्ष और व्यक्तिगत समस्याएं अक्सर दिखाई नहीं देतीं। जब वास्तविक जीवन की तुलना आभासी जीवन से होने लगती है तो परिवार के भीतर असंतोष और अपेक्षाएं बढ़ सकती हैं।

परिवार के लिए स्पष्ट कार्ययोजना

समस्या बड़ी जरूर है, लेकिन समाधान कठिन नहीं है। परिवार कुछ छोटे और स्पष्ट नियम अपनाकर डिजिटल जीवन और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बना सकता है।

1. भोजन की मेज पर श्नो मोबाइल नियम

नाश्ते और रात के भोजन के दौरान सभी सदस्य मोबाइल एक निश्चित स्थान पर रखें। भोजन का समय बातचीत और परिवार के लिए हो।

2. रोजाना कम से कम 30 मिनट परिवार संवाद

हर दिन ऐसा समय तय हो जब सभी सदस्य बिना टीवी और मोबाइल के साथ बैठें। दिन कैसा रहा, किस बात की चिंता है और क्या अच्छा हुआकृइन विषयों पर खुलकर बातचीत हो।

3. सप्ताह में एक श्डिजिटल फ्री डे या कुछ घंटे

सप्ताह में कम से कम कुछ घंटे परिवार सोशल मीडिया और अनावश्यक स्क्रीन से दूरी बनाए। इस दौरान साथ खाना बनाना, घूमना, खेलना, पढ़ना या किसी बुजुर्ग के साथ समय बिताना जैसी गतिविधियां की जा सकती हैं।

4. माता-पिता पहले उदाहरण बनें

बच्चों को मोबाइल कम इस्तेमाल करने की सलाह देने से पहले माता-पिता स्वयं अपने स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें। बच्चे निर्देश से अधिक व्यवहार से सीखते हैं।

5. सोने से एक घंटा पहले स्क्रीन बंद

रात में सोने से पहले परिवार के सभी सदस्य मोबाइल अलग रखें। इस समय का उपयोग बातचीत, किताब पढ़ने या अगले दिन की तैयारी में किया जा सकता है।

6. हर सप्ताह श्परिवार बैठक

सप्ताह में एक दिन 20-30 मिनट की छोटी पारिवारिक बैठक हो। इसमें घर की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की आवश्यकताओं और आने वाली योजनाओं पर चर्चा की जाए। इसका उद्देश्य शिकायत करना नहीं, समाधान खोजना हो।

7. बच्चों के लिए केवल प्रतिबंध नहीं, सहभागिता

बच्चे क्या देख रहे हैं, किससे बात कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर उन्हें किस तरह की सामग्री प्रभावित कर रही है, इस पर माता.पिता संवाद करें। केवल फोन छीन लेना स्थायी समाधान नहीं है।

8. बुजुर्गों के लिए प्रतिदिन समय

परिवार का कोई सदस्य प्रतिदिन कुछ समय बुजुर्गों के साथ बिताए। उनकी बातें सुनना और उनके अनुभवों को महत्व देना परिवार की भावनात्मक एकता को मजबूत करता है।

9. सोशल मीडिया पर परिवार की तुलना बंद करें

दूसरे परिवारों की तस्वीरों और जीवनशैली को अपने परिवार की सफलता का पैमाना न बनाया जाए। हर परिवार की परिस्थितियां अलग होती हैं।

10. महीने में एक परिवार दिवस

महीने में कम से कम एक दिन परिवार के नाम हो, बाहर घूमना, गांव जाना, प्रकृति के बीच समय बिताना, साथ खाना या कोई ऐसी गतिविधि जिसमें सभी सदस्य भाग लें। इन नियमों की सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह है कि ये नियम परिवार के हर सदस्य पर समान रूप से लागू हों। बच्चों के लिए मोबाइल बंद और बड़ों के लिए खुला रखने से परिवार में भरोसा नहीं बनता।

अंततः परिवार को बचाने के लिए तकनीक को दुश्मन बनाने की जरूरत नहीं है। जरूरत केवल इतनी है कि तकनीक हमारे नियंत्रण में रहे, हम तकनीक के नियंत्रण में न आ जाएं। सोशल मीडिया हमें दुनिया से जोड़ सकता है, लेकिन परिवार से जुड़ने के लिए आज भी वही चीजें जरूरी हैं, समय, संवाद, विश्वास और संवेदना।



बच्चों और अभिभावकों के बीच बढ़ती दूरी

सोशल मीडिया और डिजिटल मनोरंजन का प्रभाव बच्चों पर भी दिखाई देता है। बच्चे जिस समय परिवार के साथ बातचीत कर सकते हैं, वह समय स्क्रीन पर बीतने लगता है। लेकिन केवल बच्चों को दोष देना उचित नहीं है। यदि माता-पिता स्वयं लगातार मोबाइल में व्यस्त रहेंगे तो बच्चों से डिजिटल अनुशासन की अपेक्षा करना कठिन होगा। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे प्रभावी तरीका केवल नियम बनाना नहीं, बल्कि परिवार में ऐसा वातावरण बनाना है, जहां बातचीत और साथ बिताया समय मोबाइल से अधिक आकर्षक लगे।

लाइक और कमेंट ने बदल दी खुशी की परिभाषा

सोशल मीडिया पर किसी तस्वीर को कितने लाइक मिले, किसी पोस्ट पर कितने कमेंट आए या कितने लोग हमारी गतिविधियों को देख रहे हैं-इन बातों का असर व्यक्ति की संतुष्टि पर पड़ सकता है। कई बार हम वास्तविक जीवन की खुशी से ज्यादा उसके सोशल मीडिया प्रदर्शन को महत्व देने लगते हैं। परिवार के साथ समय बिताने की बजाय उस पल की तस्वीर खींचकर पोस्ट करना ज्यादा जरूरी लगने लगता है। लेकिन रिश्तों की गहराई लाइक और कमेंट से नहीं मापी जा सकती। जिस रिश्ते को कैमरे के सामने दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती, कई बार वही रिश्ता सबसे मजबूत होता है।

आज हर परिवार को अपने आप से एक छोटा-सा सवाल पूछना चाहिए

हम दिन में कितने मिनट एक-दूसरे को देखते हैं और कितने मिनट एक-दूसरे की स्क्रीन देखते हैं। शायद इस सवाल का ईमानदार जवाब ही परिवार को फिर से एक-दूसरे के करीब लाने की शुरुआत बन सकता है। क्योंकि परिवार की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से ज्यादा जरूरी है, परिवार के भीतर ऐसी तस्वीर बनाना, जिसे देखकर हर सदस्य सचमुच खुश हो।

लंखक श्रीराम तिवाड़

वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न, छात्र वर्ग में बैरासर छोटा व छात्रा वर्ग में मोरथल रही विजेता

निसं



तारानगर (नवयत्न)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, करणीसर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय वॉलीबॉल छात्र एवं छात्रा वर्ग प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान जिले भर से आई टीमों के बीच रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता संयोजक अरविंद भामी ने बताया कि छात्र वर्ग फाइनल मुकाबले में चंदगीराम पब्लिक स्कूल बैरासर छोटा विजेता व एमजीजीएस नाहरसरा की टीम उपविजेता रही।

छात्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में जीएसएसएस मोरथल की टीम विजेता व जीएसएसएस चिमनपुरा की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में भामाशाह अमरसिंह चारण, पार्षद रुस्तम अली, सरपंच प्रतिनिधि हरदत्त सहारणए जयचंद शर्मा, एसीबीईओ संजय शर्मा, काशीराम प्रजापत, पुरखाराम, चुन्नीराम, करणीसिंह चारण, मनीराम इंदलिया, गिरधारीलाल, ओमप्रकाश, परसाराम, बीरबलराम, प्रेमाराम एवं रावताराम ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता संयोजक अरविंद भांमी और पर्यवेक्षक भंवरलाल ने आए सभी अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। मंच संचालन दलूराम नायक ने किया।

विपिन कस्वा, दिनेश, नरेंद्रए नरेंद्र बुडानिया, अमृतपाल, सुरेश आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर अध्यापक संतलाल, सुनील कुमार, नमन स्वामी, कौशल्या, संगीता, सरस्वती पड़िहार, तरसेम सिंह, जुगलाल, मंगल सिंह आदि अनेक शिक्षक, ग्रामीण तथा खिलाड़ी मौजूद थे।

आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं का सम्मान



निसं

तारानगर (नवयत्न)। पुनरास स्थित आँगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 में आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवाराम नैन, प्रधानाचार्य पीईईओ रहे। इस अवसर पर मनोहर लाल शर्मा, प्रताप जी सहारण सरपंच एवं गाइड मास्टर सत्येंद्र कुमार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुनरास के तीनों आँगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्तओं अन्नपूर्णा देवी, सरोजबाला एवं कौशल्या को उनके सेवाकार्यों के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सहायिका रोशनी नाथ, सुषमा एवं अनीता तथा आशा सहयोगिनी प्रमेश्वरी, सुशीला कंवर, चन्द्रमुखी तथा गाँव की महिलाओं का भी सम्मान किया गया। अतिथियों ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम आयोजन में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्नपूर्णा देवी, सरोजबाला एवं कौशल्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

लता मंगेशकर की स्मृति में सजा सुरों का संसार



निसं

जयपुर (नवयत्न)। स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में संगीता संगीत संस्थान की ओर से शास्त्री नगर स्थित साइंस पार्क में मुझे इतना प्यार है म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायक एवं कार्यक्रम संचालक मनोज शर्मा के नए म्यूजिकल एल्बम मुझे इतना प्यार है विमोचन किया गया। संगीत प्रेमियों ने सुरों से सजी शाम का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय लता मंगेशकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद कलाकारों ने लता मंगेशकर के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर वातावरण को सुरमयी बना दिया। मनोज शर्मा, श्वेता मिश्रा, विनेहा, मोनिका माथुर, हेमलता, सोनिया शर्मा, डॉ. अशोक, यूसुफ, योगी, सुनीता चौहान और नीलू कुमावत ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर लता जी की स्मृति को स्वरांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन मनोज शर्मा के संयोजन और संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा रहे। कार्यक्रम में पंडित आलोक भट्ट, पूर्व आकाशवाणी निदेशक, हाईकोर्ट अधिवक्ता देवेन्द्र शर्मा, जगमाल सैनी, राजस्थान पुलिस, हाईकोर्ट अधिवक्ता सत्येन्द्र शर्मा, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. रमा माथुर और दीपेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। म्यूजिकल एल्बम मुझे इतना प्यार है के विमोचन के साथ कार्यक्रम में संगीत प्रेमियों के लिए खास पल देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य नई संगीत प्रस्तुतियों को मंच देने के साथ लता मंगेशकर के अमर गीतों और उनकी सुरमयी विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। साथ ही आगंतुकों एवं कार्यक्रम में शामिल अतिथियों को उपहार भेंट किए गए।

श्रमदान से बदली न्यायालय पार्किंग की तस्वीर, खाटू श्याम मंदिर में टीम आवर फॉर नेशन का सम्मान

निसं

नोखा (नवयत्न)। हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम के संकल्प के साथ स्वच्छता अभियान चला रही टीम आवर फॉर नेशन ने रविवार को लगातार चौथे रविवार सामूहिक श्रमदान किया। टीम ने न्यायालय पार्किंग, सार्वजनिक पार्क एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा, झाड़ियां और अनुपयोगी सामग्री हटाई। अभियान के बाद एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कचरा एकत्र कर डंपिंग यार्ड भेजा गया। रविवार सुबह आयोजित श्रमदान में टीम के सदस्यों के साथ बार एसोसिएशनए बीकानेर के अध्यक्ष एडवोकेट अजय पुरोहित एवं बार एसोसिएशन की टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर पार्किंग क्षेत्र की सफाई की और लंबे समय से जमा कचरे व झाड़ियों को हटाया।

लगातार तीन रविवार के श्रमदान से बदली तस्वीर

टीम द्वारा पिछले तीन रविवार से न्यायालय पार्किंग एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नियमित श्रमदान का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। सफाई से पहले और बाद की तस्वीरों में क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदला नजर आ रहा है। व्यवस्थित और स्वच्छ हुए इस स्थान ने सामूहिक प्रयास एवं जनभागीदारी की ताकत को भी सामने रखा है।



खाटू श्याम मंदिर में टीम का विशेष सम्मान

स्वच्छता अभियान के बाद टीम के सदस्य जयपुर रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर प्रबंधन की ओर से टीम के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम आवर फॉर नेशन को 15 अगस्त के राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में मंदिर प्रबंधन ने टीम के प्रत्येक सदस्य का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन ने कहा कि बिना किसी स्वार्थ के सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता के लिए नियमित रूप से समय देना समाज के लिए प्रेरणादायी पहल है। टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे अभियानों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया गया।

बड़ी संख्या में सदस्यों ने किया श्रमदान

रविवार के अभियान में सुदेश व्यास, वंदना शर्मा, कपिला शर्मा, दीपा सिंह, मोहम्मद हसन, किशोर भाटिया, डॉ. विशाल मलिक, सी, वसीम रजा, इन्द्र सिंह, कंवर सिंह, डॉ. फारूक सी, सुधीश शर्मा, अरुण चाम, गजेंद्र सरीन, सुशील यादव, मनोज सोनी, विनोद चौधरी, मानक व्यास, गुरमोहन सेठी, भवानी सिंह राजपुरोहित, देवकिशन तंवर, रमेश उपाध्याय सहित अनेक सदस्यों ने श्रमदान किया। एडवोकेट अजय पुरोहित एवं बार एसोसिएशन की टीम ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम आवर फॉर नेशन का संदेश है-स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक भागीदारी का संकल्प है। शिकायत नहीं, सहयोग और हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम।

सुर-ताल पर थिरके कदम, 'डांसिंग स्टार्स' में अंतिम ने मारी बाजी

राजस्थान पब्लिक स्कूल में एकल नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल, शालू व सपना-तनु रहीं दूसरे स्थान पर

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। जिला मुख्यालय स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को सुर, ताल और नृत्य प्रतिभा का संगम देखने को मिला। विद्यालय की साप्ताहिक सह-शैक्षिक गतिविधियों के तहत 'डांसिंग स्टार्स' एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रैंड फिनाले में अंतिम कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने बताया कि शनिवारीय बाल सभा के दौरान आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दौर में चयनित प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रस्तुति को लेकर निर्णायक मंडल के लिए विजेता का चयन चुनौतीपूर्ण रहा। प्रतियोगिता में अंतिम कुमारी प्रथम, शालू तथा सपना-तनु द्वितीय और नंदिनी शेखावत तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायकों ने तकनीकी कौशल, भाव-भंगिमा, वेशभूषा और मंच प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। विजेता और उपविजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। विद्यालय सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शनिवारीय सह-शैक्षिक गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। अभियंता ज्योति ढूकिया ने कहा कि पढ़ाई के साथ ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों का मंच का डर दूर होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर सुधीर शर्मा, मंगलाराम जांगिड़, पवन कुमार, प्रमोद चौधरी, अंबिका और मनीष सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्राओं निशा और कोमल ने किया।

विश्व पर्यटन दिवस पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कुलदीप सिंह चंदेला को किया सम्मानित



निसं

जयपुर (नवयत्न)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसी में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुलदीप सिंह चंदेला को सम्मानित किया। वे वर्तमान में फिक्की और पीएचडीसीसीआई की पर्यटन उप-समितियों के चेयरमैन का कार्यभार संभाल रहे हैं। इस अवसर पर चंदेला ने कहा कि श्यह सम्मान उनके लिए ही नही, बल्कि राजस्थान के पूरे पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों के प्रयासों का सम्मान है।

राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिलाने के लिए सरकार और पर्यटन उद्योग को मिलकर लगातार काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि कुलदीप सिंह चंदेला पर्यटन उद्योग को इंडस्ट्री का दर्जा दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख पर्यटन एक्सपर्ट्स में शामिल हैं। वे फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान एफएचटीआर, होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान एचआरएआर और राजस्थान एसोसिएशन ऑफटूर ऑपरेटर्स राटो के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

आज से होगी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता



निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज से 70 वीं प्रदेश स्तरीय छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा, जो 4 अक्टूबर तक चलेगी। प्रतियोगिता संयोजक प्राचार्य रणवीरसिंह महरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 41 टीमें भाग लेंगी। सोमवार को सुबह प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि, सभापति मदनलाल गुलेरिया, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल द्वारा किया जायेगा। एसीबीईओ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि लेदर बॉल से यह प्रतियोगिता खेली जाएगी और प्रतियोगिता की तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। मीणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर के खिलाड़ी भाग लेंगे तथा निदेशक, जिला स्तर के प्रभारी बनाये गए हैं, जो सारी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। रविवार को आई टीमों के पंजीयन पीसीबी स्कूल में किए गए और शाम तक टीमों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

रामशरणम् बालाजी मंदिर में 29 सितंबर से होगी श्रीमद्भागवत कथा

निसं

चिड़ावा (नवयत्न)। पितृ पक्ष के अवसर पर शहर की डालमिया की ढाणी स्थित श्रीरामशरणम् बालाजी मंदिर में 29 सितंबर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। मंदिर पुजारी गोपाल शर्मा ने बताया कि 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित कथा में कथा मर्मज्ञ एवं वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर सवा एक बजे बजे से शाम 5 बजे तक होगा। कथा में संगीतमय प्रस्तुति, सजीव झांकियों और विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा के शुभारंभ से पहले 29 सितंबर को सुबह सवा दस बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।

डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ते तारानगर के कदम स्मार्ट क्लासरूम से सुधरेगा शिक्षा का स्तर

निसं



तारानगर (नवयत्न)। ग्रामीण अंचल में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने और सरकारी स्कूलों को आधुनिक संसाधनों से परिपूर्ण करने की दिशा में दिल्ली प्रवासी भामाशाह एल. डी. सरावगी ने एक सराहनीय एवं प्रेरणादायी पहल की है। भामाशाह सरावगी द्वारा तारानगर ब्लॉक के 13 राजकीय विद्यालयों को लगभग 4 लाख रुपये की लागत के 13 आधुनिक स्मार्ट टीवी भेंट किए गए हैं। इस नवाचार से न केवल विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक प्रतिस्पर्धा के दौर में आगे बढ़ने में मील का पत्थर साबित होगी। ?स्मार्ट टीवी वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बांय के प्रांगण में उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। समारोह के दौरान भामाशाह एल. डी. सरावगी के इस अनुपम योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। भामाशाह की अनुपस्थिति में उनके भाई पुरुषोत्तम अग्रवाल ने समारोह में शिरकत कीए जहाँ विद्यालय प्रशासन, शिक्षा अधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा उनका साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीना सम्मान किया गया। इसके साथ ही शिक्षा क्षेत्र में निरंतर सहयोग देने वाले अन्य स्थानीय भामाशाहों को भी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। ?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य प्रेरक एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने बताया कि भामाशाह द्वारा भेंट किए गए ये स्मार्ट टीवी ग्रामीण शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। स्मार्ट क्लासरूम के माध्यम से बच्चे जटिल विषयों को ऑडियो-विजुअल माध्यम से आसानी से समझ सकेंगे। यह तकनीक न केवल विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करेगी, बल्कि जहाँ विषय अध्यापकों की कमी है, वहाँ डिजिटल कक्षाओं व ई-कंटेंट के जरिए पढ़ाई की भरपाई करने में बेहद मददगार साबित होगी। ?दिल्ली से संदेश भेजते हुए भामाशाह एल. डी. सरावगी ने कहा कि उनके इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य तारानगर ब्लॉक के प्रत्येक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्रा तक आधुनिक एवं उच्च स्तर की शिक्षा पहुँचाना है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़कर क्षेत्र के बच्चे भविष्य में देश और दुनिया की हर बड़ी प्रतियोगिता में दूसरों से कदम से कदम मिलाकर मुकाबला कर सकेंगे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयए बांय में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम का कुशल संचालन पन्नालाल सोलंकी ने किया। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय के प्रधानाचार्य छगनलाल मीणा, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मान, एसीबीईओ द्वितीय राजवीर चौहान एवं सीबीईओ कार्यालय के कार्मिक श्रवण दान चारण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा समाजसेवी व प्रबुद्ध नागरिक सत्यनारायण मित्तल, अशोक जोशी, गोविंद होदकासिया, जगतसिंह, मनीष सोनी, अमरचंद शर्मा, सदीक खां, रोहिताश गेदर, प्रदीप यादव, रामकुमार घोटड़, भादर सिंह ग्रामीणों के अलावा विभिन्न विद्यालय के शिक्षक, कार्मिक, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत राजलदेसर में शिविर आयोजित



राजलदेसर (नवयत्न)। विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के तहत रविवार को गिरदावर सर्किल परसनेऊ, लाछड़सर एवं राजलदेसर का संयुक्त शिविर तहसील कार्यालय राजलदेसर में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन तहसीलदार प्यारेलाल चावला के सानिध्य में हुआ। शिविर में विभिन्न 22 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लाभार्थियों के विभिन्न कार्यों का संपादन किया तथा विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाई। शिविर में राजस्व विभाग से गिरदावर श्यामलाल, रामदेव एवं सुरेंद्र कुमार, पंचायतीराज विभाग से रूहीससिंह, हुलास, भगवानाराम एवं संजय, चिकित्सा विभाग से प्रवीण कुमार, टीना, पशुपालन विभाग से डॉ. सुनील कुमार, कृषि विभाग से नवल किशोर, एओ, महिला एवं बाल विकास विभाग से कंचन शर्मा, परिवहन विभाग से चंद्रशेखर आर्य तथा शिक्षा विभाग से श्रवण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाओं का लाभ लिया।

आईएओएचएनएस : ईएनटी में एआई और आधुनिक सर्जरी पर विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव



जयपुर (नवयत्न)। इंडियन एकेडेमी ऑफ ओटोलैरिंगोलॉजी एंड हेड-नेक सर्जरी आईएओएचएनएस की 12वीं कॉन्फ्रेंस आईएओएचएनएस-2026 का रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में समापन हुआ। तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में 800 से अधिक चिकित्सकों, मेडिकल विद्यार्थियों और इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया। इसमें ईएनटी, हेड-नेक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आधुनिक सर्जिकल तकनीक, शोध, मेडिकोलीगल विषयों, हैकाथॉन और डॉक्टरों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन एवं एसएमएस अस्पताल के ईएनटी विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. पवन सिंघल ने बताया कि तकनीकी सत्र में मेडिकल इमेज के विश्लेषण और निर्णय सहायता में एआई के उपयोग पर चर्चा हुई। बीआईटीएस पिलानी के प्रोफेसर डॉ. अविनाश गौतम ने व्याख्यान दिया। वहीं एम्स गुवाहाटी के डॉ. नेइजेखोतुओ ब्रायन शुन्यु ने सिर एवं गर्दन के पुनर्निर्माण पर जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस में जयपुर में पहली बार ईएनटी हैकाथॉन आयोजित किया गया। आठ टीमों ने ऑपरेशन थिएटर की जरूरतों और एआई आधारित समाधानों पर मॉडल प्रस्तुत किए। टीमों को व्यावहारिक, टिकाऊ और कम लागत वाले समाधान तैयार करने का टास्क दिया गया था। हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए की टीम राजेंद्र दिनेश कुमार, आकाश गुप्ता, सचिन सिंह और शांता बिश्नोई ने जीता। द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए, तृतीय 30 हजार, चतुर्थ 20 हजार और पांचवां पुरस्कार 10 हजार रुपए रहा। जूरी में आईआईटीए बिट्स पिलानी, एम्स जोधपुर और एम्स बिलासपुर के विशेषज्ञ शामिल रहे। मेडिकोलीगल सत्र में मरीज की सहमति, मेडिकल रिकॉर्ड, बीमा और क्षतिपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वहीं डॉक्टरों के लिए ध्यान : तनाव से संतुलन की ओर सत्र में काम के तनाव और बर्नआउट से बचाव में ध्यान की भूमिका पर विचार रखे गए।

डाक कर्मचारी संघ का अधिवेशन - संदीप महला फिर बने मंडल सचिव

नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन, पुरानी पेंशन और आठवें वेतन आयोग की मांग पर भी चर्चा



अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। भारतीय डाक कर्मचारी संघ, झुंझुनूं मंडल का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को पीरूसिंह सर्किल स्थित खाना खजाना रेस्टोरेंट में हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता संदीप चाहर ने की। इसमें कर्मचारियों की समस्याओं, लंबित मांगों और संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। पहले सत्र में परिमंडल सचिव पी-3 नवल किशोर बैरवा ने नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पूरी करवाई। परिमंडल सचिव सुपरवाइजर संघ करण सिंह गुर्जर ने भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति और संगठन के उद्देश्यों की जानकारी दी। मंडल सचिव चूरू अमरचंद कस्वा ने संगठन की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मजदूर संघ के संरक्षक रामगोपाल शर्मा ने भी विचार रखे। अधिवेशन में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर मंथन किया गया। पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आठवें वेतन आयोग सहित अन्य मांगों पर चर्चा हुई। लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए विभाग को शीघ्र ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। दूसरे सत्र में झुंझुनूं मंडल की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन हुआ। पवन झाझड़िया को संरक्षक, आशीष भास्कर को मंडल अध्यक्ष और संदीप महला को दूबारा मंडल सचिव चुना गया। सवाई सिंह मीणा, डिम्पल सोनी और शशि सांगवान को उपाध्यक्ष, सुनील भेड़ा, मंजू यादव और रवि अग्रवाल को सहायक सचिव, रमेश कुमावत को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मनीष खीचड़, देवकरण, विकास यादव, जगमाल सिंह और हरिराम भूरिया को संगठन मंत्री तथा राकेश बलौदा को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई। अधिवेशन में डाक मंडल के कर्मचारी और संगठन कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

चुनाव के हत्थे चढ़ा नोखा का 99वां स्थापना दिवस, पहली बार फीका रहा उत्सव

निसं



नोखा (नवयत्न)। बीकानेर रियासत के महाराजा गंगासिंह की दूरदर्शी सोच से 19 सितंबर 1927 को अस्तित्व में आया नोखा इस वर्ष अपने 99वें स्थापना दिवस पर उस उत्सव से वंचित रहा, जिसकी शहरवासियों को हर साल प्रतीक्षा रहती है। निकाय चुनाव की गतिविधियों के बीच इस बार स्थापना दिवस पर नगरपालिका और सामाजिक स्तर पर होने वाले प्रमुख कार्यक्रम नजर नहीं आए। उपलब्ध सार्वजनिक स्रोतों में नोखा की स्थापना तिथि 19 सितंबर 1927 दर्ज है। नोखा की पहचान शुरू से ही सुनियोजित बसावट वाले शहर के रूप में रही है। चौड़ी सड़कें, प्रमुख स्थानों पर चौराहे और व्यवस्थित बाजार इसकी खासियत रहे हैं। शहर के पुराने स्वरूप को लेकर आज भी बुजुर्गों में यह चर्चा आम है, कि नोखा की बसावट को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया गया था।

हर साल होता था कवि सम्मेलन और सामाजिक आयोजन

नोखा स्थापना दिवस के अवसर पर पिछले वर्षों में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। नोखा जन सेवा समिति की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन सहित सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के उदाहरण उपलब्ध हैं। वर्ष 2024 में समिति की ओर से 97वें स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित किए जाने की खबर प्रकाशित हुई थी। वर्ष 2025 में भी 98वें स्थापना दिवस के अवसर पर नोखा जन सेवा समिति की ओर से कवि सम्मेलन आयोजित किया गया था। वहीं नगरपालिका की ओर से भी स्थापना दिवस पर विराट कवि सम्मेलन आयोजित होने की जानकारी सार्वजनिक रूप से सामने आई थी। लेकिन इस वर्ष 19 सितंबर को शहर में वैसा सार्वजनिक आयोजन दिखाई नहीं दिया। यही वजह है कि शहर के लोगों में स्थापना दिवस को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

चुनाव के कारण कार्यक्रम नहीं हुआ या परंपरा टूटी

इस बार निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच स्थापना दिवस आया। ऐसे में नगरपालिका स्तर पर किसी बड़े आयोजन के नहीं होने को लेकर आचार संहिता और चुनावी परिस्थितियों का हवाला दिया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में नगरपालिका की ओर से आधिकारिक कारण सार्वजनिक रूप से सामने आया हो, ऐसी पुष्टि उपलब्ध स्रोतों से नहीं हो सकी है। दूसरी ओर, सामाजिक संस्था की ओर से भी इस वर्ष पूर्व की तरह आयोजन नहीं होने को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। नोखा जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र संचेती हैं। उनकी पत्नी आरती संचेती ने हालिया निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ा था। चुनाव परिणाम में उनके हारने के बाद स्थापना दिवस कार्यक्रम नहीं होने को लेकर कुछ लोगों ने इसे चुनावी परिस्थितियों से जोड़कर चर्चा की है। हालांकि, डॉ. संचेती की ओर से कार्यक्रम नहीं करने के पीछे चुनाव को कारण बताया गया हो, इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए इसे फिलहाल स्थानीय लोगों की चर्चा और आरोप-प्रत्यारोप के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

शहरवासियों का सवाल-99 साल पुराने शहर का स्थापना दिवस क्यों रहा बेरौनक।

स्थापना दिवस केवल किसी संस्था या व्यक्ति का कार्यक्रम हीं, बल्कि शहर की ऐतिहासिक पहचान और सामूहिक विरासत से जुड़ा अवसर है। ऐसे में इस बार स्थापना दिवस पर बड़े सार्वजनिक आयोजन नहीं होने से शहरवासियों में निराशा देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है, कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन शहर की स्थापना और उसकी ऐतिहासिक विरासत हर वर्ष याद की जानी चाहिए। लोगों के बीच यह सवाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है, कि यदि सरकारी स्तर पर किसी कारण से आयोजन संभव नहीं था तो सामाजिक संस्थाएं और नागरिक संगठन मिलकर स्थापना दिवस को यादगार क्यों नहीं बना सके अब निगाहें अगले वर्ष होने वाले नोखा के 100वें स्थापना दिवस पर टिक गई हैं। शहर के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि शताब्दी वर्ष को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर नोखा के इतिहास, स्थापत्य, स्वतंत्रता एवं सामाजिक विकास की यात्रा को सामने लाने वाला व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

दुष्कर्म के प्रयास में महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में छह दिन पहले हुए महिला के ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने रविवार शाम खुलासा कर दिया। पुलिस ने हत्या के आरोपी नीरज लोनी 35 निवासी कटनी मध्यप्रदेश को बारां के छबड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी वाटिका में किराए से रहकर मजदूरी करता था। पुलिस के अनुसार उसने शराब पीने के बाद महिला मजदूर को प्लॉट पर सफाई कराने के बहाने मजदूरी देने के नाम पर रिंग रोड के पास सुनसान जगह ले गया। वहां दुष्कर्म का प्रयास करने पर महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने भारी पत्थर से उसके सिर और मुंह पर वार कर हत्या कर दी और फरार हो गया। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि ब्लाइंड मर्डर की जांच के दौरान पुलिस टीम ने वारदात स्थल और आसपास के रास्तों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम उसके गांव की ओर रवाना हुई, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर बारां चला गया। पीछा करते हुए पुलिस टीम ने उसे छबड़ा से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अश्लील फिल्में देखने और शराब पीने का आदी है। उसकी पत्नी गांव में रहती है और वह जयपुर में अकेला किराए के कमरे में रहता था। 21 सितंबर को वह मजदूरी के लिए वाटिका की चौखटी पर गया था, लेकिन काम नहीं मिलने पर कमरे पर लौट आया। बाद में शराब पीकर दोबारा चौखटी पहुंचा और महिला मजदूर को प्लॉट की सफाई कराने के बहाने अपने साथ ले गया। रिंग रोड के पास सुनसान खाली प्लॉट में ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।



सम्पादकीय

संदेह का निराकरण



यह आवश्यक था कि चुनाव आयोग उस खबर का संज्ञान लेता कि मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली से दोनों चुनाव आयुक्त नाखुश हैं और वे उनके फैसलों पर असहमति दर्ज कराते रहे हैं। हालांकि ऐसी खबर आने के बाद चुनाव आयोग ने यह स्पष्टीकरण जारी किया था कि जो भी फैसले लिए गए, वे सहमति से लिए गए, लेकिन इसके बाद भी यह संदेह खड़ा किया गया कि क्या इस स्पष्टीकरण पर दोनों आयुक्तों की भी सहमति है? गत दिवस तीनों चुनाव आयुक्तों ने बैठक कर न केवल इस संदेह का निराकरण किया, बल्कि उन अनेक प्रश्नों के उत्तर भी दिए, जो चुनाव आयोग के कामकाज और विशेष रूप से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर उठे थे।

वास्तव में यह संभव ही नहीं कि मुख्य चुनाव आयुक्त अपने हिसाब से फैसले ले सकें, क्योंकि चुनाव आयोग का प्रविधान यह कहता है कि आयोग के फैसले या तो सर्वसम्मति से होंगे या फिर बहुमत से। इस तथ्य के बाद भी तिल का ताड़ बनाया गया और एक ऐसा नैरेटिव खड़ा किया गया, मानो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के आगे दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी असहाय और निरुपाय हैं। अब यह स्पष्ट हुआ कि ऐसा नहीं है। इसी के साथ यह भी साफ हुआ कि दोनों आयुक्तों की ओर से कैबिनेट सचिव को लिखी गई चिट्ठी को गलत संदर्भ में पेश किया गया, लेकिन इसका दुष्परिणाम यह रहा कि विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त और मोदी सरकार के खिलाफ अभियान छेड़ दिया।

वैसे तो तीनों चुनाव आयुक्तों की बैठक और उसके बाद जारी बयान ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ छेड़े गए विपक्ष के अभियान की हवा निकाल दी है, लेकिन यह तय है कि वह चुप नहीं बैठने वाला। इसका संकेत कांग्रेस के प्रवक्ता की ओर से चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति में जो कुछ कहा गया, उससे असंतोष जताने से मिलता है। इसके अतिरिक्त इसकी भी अनदेखी न की जाए कि विपक्ष एसआईआर को वोट चोरी का नाम देकर उसके खिलाफ पहले से ही अभियान छेड़े हुए है। उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है कि एसआईआर के खिलाफ उसकी कोई भी दलील सुप्रीम कोर्ट के समक्ष टिक नहीं रही। इसके बावजूद उसे चैन नहीं है।

उसकी बैचेनी का कारण यह है कि उसे मनचाही चुनावी सफलता नहीं मिल रही है। वह अपनी कमजोरियों को दूर करने के स्थान पर अपनी चुनावी विफलताओं का दोष चुनाव आयोग पर मढ़ना अधिक आसान समझ रहा है। कायदे से अब जब चुनाव आयोग ने एसआईआर को और सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के निर्णय लिए हैं, तब विपक्ष को इस प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए, क्योंकि वह कितना भी शोर मचाए, यह प्रक्रिया थमने वाली नहीं है। यह थमनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि मतदाता सूचियों को शुद्ध करना समय की मांग है।

विशेष आलेख

दिल्ली में एकजुट दिखने वाले दल यूपी में आपस में लड़ रहे, इंडिया ब्लॉक की यह कैसी एकता है?



दिल्ली में विपक्षी गठबंधन इंडिया के भीतर एक बार फिर एकजुटता की कवायद तेज हो गयी है। चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दे पर साझा लड़ाई लड़ने की तैयारी हो रही है, नेताओं के बीच बातचीत बढ़ी है और दिल्ली में सभी विपक्षी दलों की बैठक भी बुला ली गई है। लेकिन सियासत का असली सवाल यह है कि क्या दिल्ली की एकजुटता उत्तर प्रदेश की जमीन तक पहुंच पाएगी? क्योंकि जिस गठबंधन को दिल्ली में एक मंच पर खड़ा करने की कोशिश हो रही है, उसी गठबंधन के सबसे बड़े चुनावी मैदान उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच खींचतान लगातार खुलकर सामने आ रही है।

उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग के मुद्दे पर विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने और उन दलों से संवाद बढ़ाने पर चर्चा कर रहे हैं, जो हाल के महीनों में कांग्रेस से दूरी बनाए हुए हैं। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठक बुलाने, संयुक्त प्रेस वार्ता और देशव्यापी साझा आंदोलन की संभावना पर भी बातचीत चल रही है। यानी ऊपर से संदेश यही है कि विपक्ष को फिर एक साथ खड़ा किया जाए।

मगर हुजूर, राजनीति में असली परीक्षा मंच पर हाथ मिलाने की नहीं, मैदान में सीट बांटने की होती है। और यहीं से कहानी बदल जाती है। उत्तर प्रदेश में 403 विधानसभा सीटों का हिसाब किताब शुरू होते ही सपा और कांग्रेस के बीच पुरानी दोस्ती की परतें खुरचने लगी हैं। कांग्रेस ज्यादा सीटों की मांग कर रही है, जबकि समाजवादी पार्टी अपनी ताकत और पिछले चुनावी प्रदर्शन के आधार पर बड़ा हिस्सा अपने पास रखना चाहती है। दोनों दल अपने-अपने स्तर पर सीटों की ताकत-कमजोरी का आकलन कर रहे हैं और गंभीर सीट बंटवारे की बातचीत अक्टूबर में शुरू होने की संभावना बताई गई है। राजनीति

उधर, तनाव सिर्फ बंद कमरों की बातचीत तक सीमित नहीं है। कांग्रेस के इमरान मसूद ने जल्द गठबंधन तय करने की मांग की और कहा कि भ्रम की स्थिति में कांग्रेस चुनावी तैयारी नहीं कर सकती। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने तो यहां तक कहा कि मतभेद होने पर पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ सपा की सांसद इकरा हसन ने साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती देने की क्षमता अखिलेश यादव के नेतृत्व में है। इस तरह यानी एक ही गठबंधन में दो सुर, दो दावे और दो नेतृत्व केंद्र दिखाई दे रहे हैं।

अखिलेश यादव का रायबरेली से पीडीए यात्रा शुरू करना भी इसी रस्साकशी का हिस्सा माना जा रहा है। रायबरेली कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ रहा है, लेकिन अखिलेश ने वहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू कर यह संदेश दिया कि उत्तर प्रदेश में जमीन किसके पास है, इसका हिसाब अलग से होगा। इसे कई राजनीतिक विश्लेषक सीट बंटवारे से पहले सपा की राजनीतिक ताकत दिखाने की कवायद के तौर पर देख रहे हैं।

और अब मैनपुरी-इटावा-सैफई की धरती से शिवपाल सिंह यादव का बयान इस खींचतान में नया तड़का लगा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि अखिलेश रायबरेली जा सकते हैं तो कांग्रेस भी इटावा, कन्नौज और मैनपुरी जाएगी। जवाब में शिवपाल ने कहा— जाइए, अभियान चलाइए, लेकिन वहां कांग्रेस को वोट नहीं मिलेगा। उन्होंने अपने जसवंतनगर क्षेत्र का हवाला देते हुए कांग्रेस को वहां वोट न मिलने की बात कही और सपा की जीत का दावा किया। अब शिवपाल के इस बयान का राजनीतिक मतलब समझिए। यह सिर्फ किसी एक रैली या दौरे पर प्रतिक्रिया नहीं है। यह दरअसल सपा के उस आत्मविश्वास का प्रदर्शन है जिसमें वह कांग्रेस को यह याद दिलाना चाहती है कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन की जमीन सपा के संगठन और सामाजिक आधार से तैयार होती है। मैनपुरी, इटावा और सैफई जैसे इलाकों में कांग्रेस का चुनावी अभियान सपा के लिए सिर्फ सहयोगी दल की गतिविधि नहीं, बल्कि अपने प्रभाव क्षेत्र में दूसरे सहयोगी की राजनीतिक मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है।

यही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी पहेली है। दिल्ली में सवाल है कौन-कौन साथ आएगा? उत्तर प्रदेश में सवाल है किसके साथ कौन कितनी सीट पर लड़ेगा? दिल्ली में साझा मुद्दे खोजे जा रहे हैं, लखनऊ में सीटों का हिसाब किताब चल रहा है। दिल्ली में एकजुटता की तस्वीर खींची जा रही है और यूपी में दोनों दल अपने-अपने झंडे ऊंचे करने में जुटे हैं। हम आपको याद दिला दें कि 2024 में उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस ने मिलकर 43 लोकसभा सीटें जीती थीं। सपा 37 और कांग्रेस छह पर विजयी रही थी। यही प्रदर्शन अब दोनों दलों के आत्मविश्वास और दावेदारी का आधार बन रहा है। लेकिन 2027 की विधानसभा राजनीति का गणित अलग है। सपा अपने संगठन, सामाजिक समीकरण और विधानसभा में अपनी मौजूदा ताकत के आधार पर ज्यादा हिस्सेदारी चाहती है, जबकि कांग्रेस 2024 के प्रदर्शन और राहुल गांधी की सक्रियता को अपनी बढ़ती राजनीतिक हैसियत का आधार बना रही है। प्रचारअभियान और चुनाव

यानी मामला साफ है। इंडिया गठबंधन को जोड़ने की कोशिश दिल्ली में हो रही है, लेकिन उसे बचाने की असली परीक्षा उत्तर प्रदेश में होनी है। क्योंकि गठबंधन सिर्फ नेताओं की मुलाकातों और साझा तस्वीरों से नहीं चलता। गठबंधन तब चलता है जब कार्यकर्ता एक-दूसरे के लिए जमीन छोड़ें, नेता एक-दूसरे की सीमा का सम्मान करें और सीटों के बंटवारे पर दोनों पक्ष अपनी महत्वाकांक्षा को किसी साझा फार्मूले में बांध सकें। वरना दिल्ली में जितनी बार हाथ मिलेंगे, मैनपुरी और रायबरेली में उतनी ही बार पैर एक-दूसरे की जमीन पर पड़ते दिखाई देंगे। उत्तर प्रदेश की राजनीति में यही पैर कब एक-दूसरे के रास्ते में आ जाएं, इसका फैसला अक्सर दिल्ली की बैठक नहीं, जमीन पर लड़ने वाला कार्यकर्ता करता है।

स्वास्थ्य समाचार

पेट में दर्द और जलन को कम करने के लिए यह घरेलू उपाय

आजकल की लाइफस्टाइल में लोगों के पास खाने-पीने का पर्याप्त समय नहीं है। लोगों को जब भी वक्त मिलता है वो जंक फूड्स या कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं। पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने की वजह से ज्यादातर लोगों को पेट दर्द, गैस, लूज मोशन जैसी समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। पेट में दर्द और जलन की समस्याओं से राहत पाने के लिए लोग कई तरह की दवाओं को मेडिकल ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं।



गुड़ का सेवन करें : अगर आपको खाना खाने के बाद पाचन संबंधी समस्याएं हो रही हैं, तो आप नियमित तौर पर गुड़ का सेवन करें। गुड़ में आयरन और क्लोरीन भरपूर मात्रा में होते हैं इसके अलावा इसमें कई प्रकार के विटामिंस और मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया को सुधारने का काम करता है। पेट में जलन, गैस और दर्द जैसी समस्याओं में गुड़ का सेवन करते समय इसे चबाकर न खाएं बल्कि इसे टॉफी की तरह चूसते रहें।

एलोवेरा जूस : पेट में जलन, कब्ज, उल्टी और पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने में एलोवेरा जूस सबसे ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। एलोवेरा जूस विटामिन बी, सी, ई, फोलिक एसिड, कैल्शियम, कॉपर, सोडियम, सेलेनियम, मैग्नीशियम और जिंक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करने से आंत में पानी का स्तर बढ़ता है जिससे पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। आप खाना खाने के बाद या सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन कर सकते हैं।

सौंफ का पानी : सौंफ का पानी पीने से पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। खाना खाने के बाद जिन लोगों पचाने में परेशानी और पेट में दर्द जैसी समस्या होती है उन्हें नियमित तौर पर सौंफ का पानी की सलाह दी जाती है। सौंफ का पानी बनाने के लिए 2 से 3 चम्मच सौंफ को एक गिलास पानी में डालकर रातभर के लिए छोड़ दें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिलाएं। पेट में जलन और दर्द की समस्या से निजात पाने के लिए आप सुबह खाली पेट सौंफ के पानी का सेवन कर सकते हैं।



पुदीने का पानी : पुदीने को सेहत का खजाना माना जाता है। पुदीने में मौजूद मेन्थॉल आंतों में मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके पेट में दर्द, सूजन, कब्ज जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होते हैं। पेट में जलन और दर्द जैसी प्रॉब्लम से राहत पाने के लिए पुदीने के पानी का सेवन करना अच्छा माना जाता है।नियमित तौर पर आप सुबह खाली पेट पुदीने के पानी का सेवन कर सकते हैं।

हार्ट फेलियर से पहले शरीर में दिखते हैं यह संकेत, न करें नजरअंदाज

हार्ट फेलियर दिल से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। इसे कंजेस्टिव हार्ट फेलियर भी कहा जाता है। हार्ट फेलियर की समस्या तब होती है, जब हमारा दिल मांसपेशियां को जरूरत के अनुसार रक्त पंप नहीं करती हैं। इस स्थिति में रक्तवापस हृदय में आने लगता है। जो फेफड़ों में तरल पदार्थों के निर्माण का कारण बनता है और सांस लेने में दिक्कत होती है। अगर कोई व्यक्तिपहले से किसी हृदय संबंधी रोग से जूझ रहा है जैसे कोरोनरी धमनी रोग या हाई बीपी, तो इससे हार्ट फेलियर का जोखिम अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि ऐसे में हमारा दिल धीरे-धीरे बहुत कमजोर होने लगता है या रक्त को ठीक से पंप नहीं कर पाता है। जिससे हार्ट फेलियर की समस्या होती है। इसके कारण हार्ट अटैक का जोखिम भी बढ़ता है साथ ही व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। इसलिए आपको अपने हृदय का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

हार्ट फेलियर के शुरुआती संकेत और लक्षण

- अगर यह हार्ट अटैक के कारण होता है तो आपको सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है।
- किसी शारीरिक गतिविधि या लेटने के दौरान सांस लेने में दिक्कत महसूस होना।
- बहुत अधिक थकान या शरीर में कमजोरी महसूस होना।
- ठीक से एक्सरसाइज न कर पाना, जल्दी थक जाना या क्षमता में कमी महसूस होना।
- खांसी के दौरान सफेद या गुलाबी, लाल आना और घरघराहट होना।
- पैर, टखनों और पैरों के तलवों में सूजन का होना।
- मतली-जी मिचलाना का अनुभव होना और भूख में कमी आना।
- किसी चीज पर ठीक से फोकस न कर पाना या सतर्कता में कमी।

आंखों में सूजन, चुभन-पानी आना जैसी प्रॉब्लम का तोड़ हैं यह फूड

अखबार में छोटे-छोटे अक्षर पढ़ने के लिए आंखों पर जोर देना पड़ रहा हैं? क्या आपको लगता है कि आपकी आंखें धुंधली हो गई हैं और दृष्टि खराब हो गई है? तो वक्त आ चुका है आप इसका चेकअप कराएं। आंखों में किसी भी तरह की होने वाली परेशानी को नंजरअंदाज करना आपको हमेशा के लिए अंधा कर सकता है। ऐसे में आंखों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आयुर्वेद एक्सपर्ट के सुझाए टिप्स भी आपके बहुत काम आ सकते हैं। लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करना, स्क्रीन का बढ़ता उपयोग, खराब आहार आपकी नजर को खराब तरीके से प्रभावित कर रहा है। उम्र के साथ दृष्टि का कमजोर होना आम बात है। लेकिन आज के समय में छोटे उम्र ही लोगों को मोटे-मोटे चश्मे लग जाते हैं। वहीं, अधिकांश वयस्कों में 30 या 40 के दशक के मध्य में दृष्टि संबंधी समस्याएं होना बहुत आम बात हो गयी है। महामारी के दौरान डिजिटल स्क्रीन और गिज़्मोस पर अत्यधिक निर्भरता ने समस्याओं को और भी बदतर बना दिया है। आंखों की परेशानी के चेतावनी संकेत के रूप में धुंधली दृष्टि, आंखों पर धब्बे, रात में चकाचौंध, चमकती रोशनी, चुभन, आंखों से पानी आना, दर्द पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ये आंखों की आम शिकायतें हैं। जो बीमारी का प्रारंभिक संकेत हो



सकता है। हालांकि अपनी आंखों की देखभाल करना और नियमित रूप से आंखों की जांच के लिए जाना महत्वपूर्ण है। लेकिन हम आपको आंखों की रोशनी में सुधार और सुरक्षा के कुछ सुरक्षित और प्रभावी प्राकृतिक तरीके बता रहें हैं।

त्रिफला : त्रिफला आंखों के लिए दवा का काम करता है। यहां तक की मोतियाबिंद के जोखिम को भी कम करने का काम करता है। ऐसे में आयुर्वेद एक्सपर्ट त्रिफला चूर्ण को घी और शहद में समान मात्रा में मिलाकर रात के समय सेवन करने की सलाह देती हैं। साथ ही यह भी बताती हैं कि त्रिफला चूर्ण का सेवन कभी भी लंबे समय तक नहीं करना चाहिए।

आंवला : आंवला का सेवन कंजेक्टिवाइटिस और ग्लूकोमा जैसी आंखों के रोगों में राहत पहुंचाने का काम करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी रेटिना की कोशिकाओं को बनाए रखने और स्वस्थ केशिकाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खासकर डायबिटिक रेटिनोपैथी की स्थिति में।

किशमिश : किशमिश में मौजूद पॉलीफेनोलिक फाइटोन्यूट्रिएंट्स मुक्त रेडिकल्स से छुटकारा पाने में मदद करते हैं जो दृष्टि को नुकसान पहुंचाते हैं और आंखों की मांसपेशियों के पतन का कारण बनते हैं। ऐसे में किशमशि का सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शहद : एक्सपर्ट का बताती हैं कि यदि आपको आंखों से संबंधित किसी तरह की कोई परेशानी है तो शहद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। अच्छा शहद गुणवत्ता में चक्षुष्य है यानी यह आंखों के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।

घी : घी में विटामिन-ए भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसकी कमी आंखों की रोशनी प्रभावित करती है। ऐसे में घी का इसकी कमी को पूरा करने का काम करता है। आपकी आंखों के हेल्थ को बनाए रखने में कारगर साबित होता है। आयुर्वेद में आंखों के स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कई औषधीय घी हैं।

आज का राशिफल

मेष

जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

वृष

नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन

यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

कर्क

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

सिंह

प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

कन्या

दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

तुला

ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

वृश्चिक

नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

धनु

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

मकर

पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

कुंभ

पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

मीन

पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

कार्यकारिणी का गठन हुआ



निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ के श्री वीर हनुमान सेवा समिति की साधारण सभा बैठक श्री वीर हनुमान मंदिर परिसर में हुई । कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से अध्यक्ष ओमप्रकाश बबेरवालए कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार शर्मा गार्ड, महासचिव बेगराज भोभरिया, सचिव, विनोद कुमार जोशी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण प्रजापत, सह सचिव विनोद कुमार वर्मा का मनोनयन किया व समिति में 61 सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। सभाध्यक्ष वेदप्रकाश भोडीवाल, गुरुदत कठोड, सह सभाध्यक्ष भंवर लाल पारीक, परमेश्वर लाल सिरस्वा, हनुमान न्यौल, मधुसूदन भोडीवाल, को उपाध्यक्ष, रघुनाथ प्रसाद इन्दौरिया, मदनलाल प्रजापत, सांवरमल प्रजापत राकेश कुमार सक्सेना, श्री प्रहलाद प्रजापत, प्रभुराम ढ़ाका को संगठन मंत्री, मुरली प्रजापत, प्रदीप प्रजापत, प्रभात भाटी, श्री बजरंगलाल कठोड, अरविन्द चारण को सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री, बनाया गया है। समिति में कृष्ण कुमार शर्मा व मन्नालाल सोकल को कानूनी सलाहकार बनाया गया है। साथ ही संरक्षण मंडल में अमित कुल्थिया, अम्बिका प्रसाद हारित, पवन सेवदा, बद्री प्रसाद शर्मा, गोविन्द सिंह चौहान, वासुदेव चाकलान, राधेश्याम भोभरिया, राजकुमार महर्षि, अरविन्द मिश्रा, बजभूषण सारस्वत, गोपाल कृष्ण शर्मा को लिया गया है।

नियमों का उल्लंघन करने पर 40 कैंपर जीप जब्त



निसं

रींगस (नवयत्न)। खाटूश्यामजी सड़क मार्ग पर यातायात नियमों का उल्लंघन कर पदयात्रा कर रहे श्रद्धालुओं और यात्रियों की जान जोखिम में डालने के मामले में रीगस पुलिस व लांपुवा चोकी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुधवार को 40 कैंपर जीप जब्त की। पुलिस चौकी लांपुवा प्रभारी दूलाराम ने बताया कि रींगस खाटूश्यामजी मार्ग पर अधिकतर श्रद्धालु पदयात्रा करते है। इस स्थिति में कैंपर जीप चालक आवश्यकता से अधिक सवारियां वाहन में भरकर तेज गति से संचालन करते हैं। इससे हादसे हो रहे हैं। ऐसे में 40 कैंपर जीपों को जब्त किया। गौरतलब है खाटू श्याम जी मार्ग पर आए दिन होते हादसों को नियंत्रण में करने के लिए रोज पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहे हैं, जिसमें आवश्यकता से अधिक सवारियां बिठाकर ले जाने वाले वाहनों थ्री व्हीलर टेंपो ई रिक्शा सहित बिन परमिट नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई।

गो एमबीए समिट में जुटे 450 से अधिक विद्यार्थी



निसं

जयपुर (नवयत्न)। श्योरपाथ एडटेक की ओर से जयपुर में एक दिवसीय गो एमबीए समिट का आयोजन किया गया। समिट में 450 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। देशभर के करीब 30 एमबीए कॉलेजों ने विद्यार्थियों को विभिन्न एमबीए पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया और करियर विकल्पों की जानकारी दी। समिट में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस आईएसबी, हैदराबाद और सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एससीएमएचआरडी की ओर से विशेष सत्र आयोजित किए गए। इनमें विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम और करियर अवसरों की जानकारी दी गई। एमबी, प्रवेश परीक्षाओं के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने कैट सहित अन्य प्रबंधन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन और परीक्षा रणनीति पर मार्गदर्शन दिया। कैट प्रशिक्षक निखिल शर्मा के सत्र को विद्यार्थियों ने खासा पसंद किया। आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व छात्र ध्रुव सरीन और राजीव रॉय ने एमबीए शिक्षा और कैट परीक्षा के बदलते स्वरूप पर विचार साझा किए। वहीं वरिष्ठ व्यवसाय विशेषज्ञ वी.एम. बंसल और पूर्व आईएएस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर शिक्षा, करियर और सफलता से जुड़े अनुभव साझा किए। योरपाथ एडटेक के संस्थापक कपिल दीक्षित ने कहा कि समिट का उद्देश्य जयपुर और राजस्थान के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों एवं विशेषज्ञों से सीधे जुड़ने का अवसर देना है, ताकि वे उच्च शिक्षा और करियर को लेकर बेहतर जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें। समिट को विद्यार्थियों और अभिभावकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

बॉक्सिंग रिंग में चमके एकेजी के खिलाड़ी, तीन पदक किए अपने नाम

निसं



जयपुर (नवयत्न)। एसएमएस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एकेजी बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता का आयोजन शहीद मेजर दिग्विजय सिंह सुमाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सतीपुरा, झोटवाड़ा-शहर, जयपुर की मेजबानी में किया गया। इसमें अंडर-17 और अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के मुकाबले हुए। अकादमी की महक सिंघल ने शानदार फाइट करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महक ने मुकाबले के दौरान बेहतरीन खेल कौशल, आत्मविश्वास और दमखम का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। वहीं मोहम्मद फैजान और गोरांशी ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किए। दोनों खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए अकादमी का नाम रोशन किया।खिलाड़ियों की सफलता में अकादमी के कोच प्रवीण सिंह के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की अहम भूमिका रही। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और खेलप्रेमियों ने महक सिंघल, मोहम्मद फैजान और गोरांशी को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस का चुनाव आयोग पर हमला, पारदर्शिता पर उठाए सवाल

निसं

बीकानेर (नवयत्न)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी चिरंजीवी राव ने रविवार को रानी बाजार स्थित जिला कांग्रेस कमेटी देहात कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र में जनता के विश्वास की बुनियाद है। चिरंजीवी राव ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर देश के विभिन्न हिस्सों से मतदाताओं के अधिकारों और मतदाता सूचियों में नामों को लेकर सवाल सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटना चाहिए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग से एसआईआर से जुड़े सवालों पर स्पष्ट और सार्वजनिक जवाब देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर जनता का विश्वास बनाए रखना आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। चिरंजीवी राव ने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को जनता के बीच उठाती रहेगी और



लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही तथा पारदर्शिता की मांग करेगी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग का भी उल्लेख किया। चिरंजीवी राव ने कहा कि चुनाव से जुड़े प्रत्येक निर्णय की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिससे नागरिकों के मन में किसी प्रकार का संदेह पैदा न हो। पंचायत चुनावों को लेकर संगठन को सक्रिय करने का आह्वान आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर चिरंजीवी राव ने कहा कि कांग्रेस संगठन गांव-ढाणी तक सक्रिय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आमजन के बीच जाकर स्थानीय समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय कर चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। पूर्व मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है, जब चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह हो। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची किसी भी चुनाव की बुनियाद होती है।

यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटता है या उसे अपने नाम अथवा दस्तावेजों को लेकर अनावश्यक परेशानी होती है, तो यह चिंता का विषय है। कल्ला ने कहा कि एसआईआर को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों से सामने आ रहे सवालों का चुनाव आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता मजबूत करने की मांग

देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था से जनता निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि यदि आयोग के भीतर किसी निर्णय या प्रक्रिया को लेकर सवाल या आपत्तियां सामने आने की खबरें आती हैं, तो आयोग की ओर से देश के सामने स्पष्ट स्थिति रखी जानी चाहिए। सियाग ने कहा कि कांग्रेस किसी संवैधानिक संस्था को कमजोर करने के पक्ष में नहीं है, बल्कि संस्थाओं की विश्वसनीयता और जनता के विश्वास को मजबूत करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-ढाणी तक पहुंचकर आमजन से संवाद करेंगे तथा पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करना है, लेकिन प्रक्रिया के दौरान यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि कोई वास्तविक और पात्र मतदाता केवल दस्तावेजों या प्रक्रिया की जटिलता के कारण मतदाता सूची से बाहर न हो। उन्होंने गरीब, ग्रामीण, मजदूर और प्रवासी नागरिकों के अधिकारों का विशेष ध्यान रखने की मांग की।

नगर निगम उपमहापौर चुनाव पर भी पूछे सवाल

पत्रकारों ने बीकानेर नगर निगम उपमहापौर चुनाव को लेकर भी चिरंजीवी राव से सवाल किए। इस पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से वोट क्रॉसिंग के मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला संगठन महासचिव प्रहलादसिंह मार्शल ने बताया कि प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव प्रद्युम्नसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल गहलोत, लूणकरनसर प्रत्याशी डॉ. राजेन्द्र मूंड, पीसीसी सचिव शिवलाल गोदारा, देहात उपाध्यक्ष कॉमरेड हनुमान चौधरी, डॉ. प्रीति मेघवाल सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने किया आधार प्राइम ग्रीन फिट हाफमैराथन का फ्लैग ऑफ

17 राज्यों और विदेश से 10 हजार से अधिक रनर्स ने लगाई दौड़, दिया स्वस्थए हरित और स्वच्छ भारत का संदेश

21, 10, 5 किमी रन के साथ 3 किमी फन रन में दिखा भरपूर उत्साह, विजेताओं ने जीती 2.55 लाख से ज्यादा की पुरस्कार राशि

निसं



जयपुर (नवयत्न)। राजधानी में रविवार की सुबह की पहली किरण से पहले ही जयपुर की सड़कों पर दौड़ते कदमों ने शहर की फिजा बदल दी। 10 हजार से अधिक रनर्स ने एक साथ कदम बढ़ाए तो माहौल में फिटनेस के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश आधार प्राइम ग्रीन फिट हाफ मैराथन में गूंज उठा। देश के 17 राज्यों और विदेश के आए रनर्स ने स्वस्थ भारत, हरित भारत, स्वच्छ भारत-एक जन आंदोलन का संदेश दिया। ग्रीनफिट फाउंडेशन की ओर से आयोजित तथा पावर्ड बाय खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट एंड को-पावर्ड बाय जीसीएल ड्रीम्स में जयपुर नगर निगम की महत्वपूर्ण सहभागिता और फोर्टी का सहयोग रहा। ग्रीनफिट फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मैराथन का फ्लैग ऑफ मुख्य अतिथि राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी, विशिष्ट अतिथि जयपुर सांसद, मंजू शर्मा, उत्तर-पश्चिमी कमान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी पी.एस. शेखावत, जयपुर व्यापार महासंघ सुभाष गोयल, आधार प्राइम के मैनेजिंग डायरेक्टर उज्जवल पुनिया द्वारा किया गया। मैराथन में जीसीएल ड्रीम्स से रवि सिंघल और महेश यादव, फाउंडेशन के मेंटोर, अजय अग्रवाल, खंडेलवाल हार्ट इंस्टीट्यूट से संजय खंडेलवाल, प्रेजिडेंट लायंस क्लब डिमांड, प्रीती सक्सेना और रीहैब हेल्थ केयर से अविनाश सैनीय बॉलीवुड सिंगर, रवींद्र उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि फिट इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़े अभियान हैं। स्वस्थ तन से ही स्वस्थ मन का निर्माण होता है, और स्वस्थ जीवन के लिए अपने आसपास को स्वच्छ एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इसे जन आंदोलन का रूप देने का उन्होंने आह्वान किया। मैराथन की खास पहल के तहत हर प्रतिभागी को एक पौधा भेंट किया गया। आयोजकों ने कहा कि मैराथन का उद्देश्य केवल लोगों को दौड़ के लिए प्रेरित करना नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। प्रतिभागियों ने पौधे लेकर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मैराथन का परिणाम इस प्रकार रहा-21 किमी पुरुष वर्ग मेंए प्रथम पुरस्कार, ढोल राम को द्वितीय पुरस्कार अगुग्ना त्सेगाये मोला को और तृतीय पुरस्कार देवा राम को मिला।

महिला वर्ग मे, प्रथम पुरस्कार, सलोनी को द्वितीय पुरस्कार अर्पिता सैनी को और तृतीय पुरस्कार, प्रिया पाल। 10 किमी पुरुष वर्ग मे प्रथम पुरस्कार दीपक को मिला, द्वितीय पुरस्कार, देशराज को और तृतीय पुरस्कार, राजेश यादव को मिला। महिला वर्ग में, प्रथम पुरस्कार, रिंकी यादव को द्वितीय पुरस्कार शिवानी शर्मा को और तृतीय पुरस्कार प्रिया कुमावत को मिला। 5 किमी पुरुष वर्ग में, प्रथम पुरस्कार, विजय गुर्जर को, द्वितीय पुरस्कार, सागर को और तृतीय पुरस्कार, आशीष कुमावत को मिला। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार, पायल राठौर को द्वितीय पुरस्कार, वंशिका को तथा तृतीय पुरस्कार, हेमलता को मिला।

सरिता सैनी ने सीनियर और मास्टर वर्ग में जीते स्वर्ण पदक



निसं

जयपुर (नवयत्न)। फलोदी में दूसरी राज्य स्तरीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए 30 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी ताकत और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जयपुर की खिलाड़ी सरिता सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सरिता सैनी ने 84 किलोग्राम कैटेगरी में सीनियर और मास्टर महिला वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने 62.2 किलोग्राम वजन उठाकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। उनके प्रदर्शन पर प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद खेल प्रेमियों और साथी खिलाड़ियों ने बधाई दी। सरिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने आराध्य बालाजी महाराज, पति हंसराज सैनी, जो मंडल अध्यक्ष कांग्रेस हाथोज है, तथा अपने कोच अजय धमेजा को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और कोच के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उन्हें लगातार बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। सरिता ने कहा कि खेल के क्षेत्र में आगे भी मेहनत जारी रखेंगी और आने वाली प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगी। उनका लक्ष्य अपने प्रदेश, समाज और देश का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने बेंच प्रेस में अपनी ताकत, तकनीक और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं सम्मान प्रदान किए। सरिता सैनी की उपलब्धि से उनके परिजनों और जयपुर के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

भाजपा पार्षद ने किया जन सम्पर्क विजय होने के बाद पहुंचे वाडो में

निसं



रीगस (नवयत्न)। रीगस नगर पालिका चुनावो में विजयी हुए पत्याशियों ने वार्डो में जन सम्पर्क शुरू कर दिया है। दस दिनो तक बाडे बदी में रहने के बाद पार्षद मतदाताओं से सीधे मिल कर धन्यवाद दे रहे है। वही ऐतिहासिक जीत व वार्ड के लोगों का उत्साह देख कर वार्ड 21 के भाजपा पार्षद अशोक कानूनगो ने शुक्रवार को सघन जनसम्पर्क कर मतदाताओं का आर्शिवाद लिया। इस दौरान मतदाताओ ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर पार्षद अशोक कानूनगो का भव्य स्वागत किया गया। वार्ड में अनेक स्थानों पर पार्षद कानूनगो का साफा बांध कर स्वागत किया गया। अपने स्वागत से अभिभूत अशोक कानूनगो ने हर सुख दुख में अपनी भागीदारी निभाने का वादा किया। द्वारका प्रसाद बधालका ने बताया अशोक कानूनगो जमीन से जुडे हुई व्यक्ति हैं, इनकी स्वच्छ छवि के कारण ऐतिहासिक जीत हुई है इस दौरान जन सेवक व भामाशाह चन्द्र शेखर कानूनगो आयुष कानूनगो और पार्षद मोहन लाल जांगिड पार्षद राजेश मिणा आर्यन पारीक बबलू तंवर संजय डाकवाला नितेश काबरा राजु बधालका जगदीश जांगिड़ दीपक भातरा सत्यनारायण भातरा भंवर बरतला घनश्याम सरोज गोविंद बाहेती सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत अभियान का शुभारं

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। माई भारत योजना के तहत चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान आगंनबाड़ी केन्द्र परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता एवं सफाई कार्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमा शेखावत, सीडीपीओ चन्द्रप्रभा शर्मा, विजेता स्वामी द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों एवं महिलाओ को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम चन्द्र प्रभा शर्मा ने सभी को बताया कि स्वच्छता केवल हमारे आसपास के वातावरण को साफ रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और जिम्मेदार नागरिक बनने का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों से स्वच्छता से संबंधित स्लोगन द्वारा विजेता स्वामी ने कार्यक्रम के भाव स्पष्ट किया, जिससे अपने बच्चों एवं परिवार में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

रैम्प पर छाया फैशन और ग्लैमर: कृष्णा शर्मा और प्रीति सिंह ने जीते विनिंग टाइटल

निसं



जयपुर (नवयत्न)। राजधानी जयपुर में जीएसएस फिल्म्स प्रोडक्शन की ओर से नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट स्टाइल ऑन रैम्प मिस एंड मिसेज इंडिया 2026 सीजन-1 का आयोजन किया गया। ग्रैंड फिनाले में देशभर से चयनित 34 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने हिस्सा लिया। इनमें 24 प्रतिभागी मिस और 10 मिसेज कैटेगरी से रहीं। इसी अवसर पर राजस्थान बिजनेस आइकन अवॉर्ड 2026 का भी आयोजन हुआ, जिसमें बिजनेस क्षेत्र की 30 हस्तियों को अवॉर्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग सीक्वेंस में रैम्प वॉक कर फैशन सेंस, व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और स्टेज प्रेजेंस का प्रदर्शन किया। आयोजक सुहान खान ने बताया कि फिनाले से पहले दो दिवसीय ग्रूमिंग सेशन आयोजित किया गया, जिसमें रैम्प वॉक, पर्सनैलिटी, प्रेजेंटेशन और स्टेज कॉन्फिडेंस का प्रशिक्षण दिया गया। फैशन सेगमेंट में निधि अग्रवाल-विकास साड़ीज और सुनील गोस्वामी-बाय प्रियंका फैशन ने अपने डिजाइन प्रस्तुत किए। मेकअप पार्टनर लाइबा-मेकअप बाय लाइबा और ज्वेलरी सेगमेंट में साबिर खान-गहना गली ने सहयोग दिया। शो की कोरियोग्राफी रोनी गुप्ता ने की।

कृष्णा और प्रीति ने जीते खिताब

मिस कैटेगरी में कृष्णा शर्मा ने विनिंग टाइटल जीता। रितु शर्मा फर्स्ट रनरअप, अक्षरा शर्मा और तानिया आचार्य सेकेंड रनरअप रहीं। वहीं मिसेज कैटेगरी में प्रीति सिंह विनर रहीं। मनीषा जांगिड़ फर्स्ट रनरअप, सीमा मीणा सेकेंड रनरअप और सोनिया कंवर थर्ड रनरअप रहीं। ऋषिका मिश्रा को फेस आइकॉनिक, निरूपमा भिंडा को ब्रांड आइकन और अस्मा खान को ब्रांड एंबेसडर अवॉर्ड दिया गया। ग्रैंड फिनाले की जूरी में दीप्ति चौधरी और डॉ. मेघा शर्मा रहीं। सेलिब्रिटी गेस्ट जीतू वर्मा जोजो और दिव्या अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमोद गोयल, पवन गोयल, जेडी माहेश्वरी, प्रताप सिंह खाचरियावास, अशोक कन्नौजिया, बृजेश पाठक, रूनू पाठक, नंदकिशोर भिंडा, बसंत जैन, मनीष सोनीए हरीश सोनी सहित कई अतिथि मौजूद रहे। तानिया शर्मा ने स्पेशल गेस्ट के रूप में शिरकत की। टीम में प्रियांशी चौकसे, नावेद खान और जीशान आफरीदी शामिल रहे।

दूसरे दिन विजेताओं ने साझा किए अनुभव

आयोजन के दूसरे दिन द बायके बुटीक-ग्रासफील्ड रिजॉर्ट में सेलिब्रेशन किया गया। इसमें आयोजकों, प्रतिभागियों, विजेताओं और टीम सदस्यों ने आयोजन की सफलता पर खुशी जताई। विजेताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के दौरान उन्हें रैम्प वॉक, ग्रुमिंग और स्टेज प्रेजेंटेशन के साथ अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने का अवसर मिला। उन्होंने आयोजन को यादगार बताते हुए आयोजकों और पूरी टीम का आभार जताया।

लता मंगेशकर की जयंती पर होगा भव्य अंताक्षरी का आयोजन

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। महान गायिका एवं स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की जयंती के अवसर पर संगीत साधना संस्थान, सुजानगढ़ एवं आर.के. गार्डन द्वारा अंताक्षरी-2026 का भव्य आयोजन किया जायेगा। 28 एवं 29 सितंबर को शाम 7 बजे से आर.के. गार्डन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में गीत-संगीत से जुडी प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान अंताक्षरी के विभिन्न रोचक दौर आयोजित किए जाएंगे तथा प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। संयोजक सुनीता रावतानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडियन आइडल फेम सवाई भाट होंगे, जिनकी विशेष प्रस्तुति कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। रावतानी ने बताया लता मंगेशकर ने अपनी सुरीली आवाज से संगीत की दुनिया को नई ऊंचाइयां दीं। उनकी जयंती पर यह कार्यक्रम आयोजित करना हमारे लिए गौरव की बात है।

नाव पलटी तो सुरैया को बचाने देव आनंद कूदे थे

शादी नहीं हुई तो पहली बार रोए, 'गाइड' को लेकर लोगों ने कहा था पागल

साल 1943 की बात है। एक युवा लड़का अपने सपनों को पूरा करने के लिए लाहौर से मुंबई पहुंचा। जेब में सिर्फ 30 रुपए थे और रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था। फिल्म इंडस्ट्री में पहचान बनाने का सपना था, लेकिन सामने सबसे बड़ी चुनौती थी कि मुंबई जैसे शहर में गुजारा कैसे हो।

शुरुआत में उसे चॉल में रहना पड़ा। कुछ दिन बीते तो पैसे खत्म होने लगे। फिल्मों में काम मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही थी। आखिरकार पेट पालने के लिए उसे नौकरी करनी पड़ी। मिलिट्री सेंसर ऑफिस में क्लर्क की नौकरी मिली, जहां वह ब्रिटिश सरकार के लिए मिलिट्री सेंसर का काम करते थे। उसे महीने की 65 रुपए तनख्वाह मिलती थी।

लेकिन जिस लड़के के पास मुंबई पहुंचने के लिए सिर्फ 30 रुपए थे, उसने हार नहीं मानी। कुछ साल बाद वही शख्स हिंदी सिनेमा का ऐसा सितारा बना, लिसे लोग 'एवरग्रीन स्टार' कहने लगे।

हम बात कर रहे हैं देव आनंद की और उनकी 103वीं बर्थ एनिवर्सरी पर जानते हैं उनकी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें...



पिता स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े हुए थे

देव आनंद का जन्म 26 सितंबर 1923 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के गुरदासपुर जिले में धर्मदेव पिशोरीमल आनंद के रूप में हुआ था। उनके पिता पिशोरी लाल आनंद गुरदासपुर में वकील थे और स्वतंत्रता आंदोलन से भी जुड़े थे।

देव आनंद चार भाइयों में तीसरे थे। उनके भाई चेतन आनंद और विजय आनंद भी फिल्म जगत से जुड़े रहे, जबकि उनकी बहन शील कांता कपूर फिल्म निर्देशक शेखर कपूर की मां थीं।

उन्होंने शुरुआती पढ़ाई डलहौजी के सेक्रेड हार्ट स्कूल से की और बाद में लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में बीए किया।

पिता ने पढ़ाई के लिए पैसे देने से मना कर दिया था

देव आनंद आगे पढ़ना चाहते थे और उच्च शिक्षा के लिए लंदन जाने का सपना देखते थे, जबकि उनके पिता चाहते थे कि वह किसी बैंक में नौकरी कर लें, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि उनकी आगे की पढ़ाई का खर्च उठाया जा सके। पिता ने साफ कह दिया कि अब उनकी पढ़ाई के लिए पैसे नहीं हैं।

इसके बाद देव आनंद ने तय किया कि अगर जिंदगी में संघर्ष करना ही है, तो क्यों न अपने बचपन के सपने एक्टिंग के लिए संघर्ष किया जाए। इसी सपने को पूरा करने के लिए जून 1943 में वह लाहौर से ट्रेन पकड़कर मुंबई के लिए निकल पड़े।

शुरुआत में काम नहीं मिला और पैसे खत्म हो गए तो उन्होंने चर्चगेट स्थित मिलिट्री सेंसर ऑफिस में 65 रुपए मासिक वेतन पर नौकरी की। बाद में एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपए की तनख्वाह पर क्लर्क का काम भी किया। अभिनेता बनने की इच्छा उन्हें अशोक कुमार की फिल्मों से मिली।

मिलिट्री सेंसर ऑफिस में करीब एक साल तक नौकरी करने के बाद देव आनंद अपने बड़े भाई चेतन आनंद के पास चले गए। चेतन उस समय भारतीय जन नाट्य संघ यानी इप्टा से जुड़े थे। उन्होंने छोटे भाई को भी अपने साथ जोड़ लिया। यहां से देव आनंद को थिएटर में काम करने और अभिनय सीखने का मौका मिला। फिर किस्मत ने साथ दिया। साल 1946 में उन्हें प्रभात टॉकीज की फिल्म 'हम एक हैं' में काम करने का मौका मिला।

शर्ट की अदला-बदली, शुरू हुई देव आनंद और गुरु दत्त की दोस्ती

फिल्म 'हम एक हैं' में देव आनंद बतौर हीरो काम कर रहे थे, जबकि गुरु दत्त वहां असिस्टेंट डायरेक्टर और कोरियोग्राफर के तौर पर काम कर रहे थे।

स्टूडियो के सभी लोगों के कपड़े एक ही धोबी के पास जाते थे। एक दिन धोबी से ऐसी गलती हुई कि देव आनंद की सफेद शर्ट गुरु दत्त के कपड़ों के साथ चली गई। गुरु दत्त ने वह शर्ट पहन ली और स्टूडियो पहुंच गए।

जब देव आनंद ने अपनी शर्ट गुरु दत्त के शरीर पर देखी, तो दोनों का आमना-सामना हुआ। लेकिन शर्ट को लेकर कोई नाराजगी नहीं हुई। दोनों इस अजीब संयोग पर खूब हंसे। यही छोटी-सी घटना आगे चलकर उनकी गहरी दोस्ती की शुरुआत बन गई।

दोनों ने बाद में साथ काम भी किया। देव आनंद ने गुरु दत्त को फिल्म 'बाजी' के निर्देशन का मौका दिया। 1951 में रिलीज हुई यह फिल्म गुरु दत्त के निर्देशन करियर की महत्वपूर्ण शुरुआत बनी और देव आनंद के साथ उनकी दोस्ती भी सिनेमा के पर्दे पर नजर आई।

1950 के दशक में देव आनंद की कई फिल्में सफल रहीं। 'जाल', 'टैक्सी ड्राइवर', 'सीआईडी', 'पेईंग गेस्ट' और 'काला पानी' जैसी फिल्मों ने उन्हें बड़े सितारों की कतार में खड़ा कर दिया।

देव आनंद की यादगार फिल्में



बाजी (मदन)



गाइड (राजू)



ज्वेल थीफ (विनय)



सीआईडी (इंस्पेक्टर शेखर)



काला पानी (करन मेहरा)



हम दोनों (महेन्द्र/ मनोहर)



जॉनी मेरा नाम (जॉनी/ सोहन)



हरे रामा हरे कृष्णा (प्रशांत)

देव आनंद और सुरैया



विद्या 1948



शायर 1949



जीत 1949



अफसर 1950



सनम 1951



नीली 1950



दो सितारे 1951

कानून की बात

दर्शील शर्मा, एडवोकेट

पति की मौत के बाद पत्नी से बैंक नहीं वसूल सकता कर्ज, एसबीआई वापस करेगा 17.29 लाख रू

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को एक विधवा महिला के बैंक खाते से अवैध रूप से काटे गए रुपए 17,29,999 की पूरी राशि वापस करने का अंतरिम निर्देश दिया है। अदालत ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में साफ किया कि मृतक पति के पर्सनल लोन की बकाया राशि की वसूली के लिए बैंक, पत्नी को प्राप्त लाइफ इंश्योरेंस (बीमा) की रकम पर कब्जा या कटौती नहीं कर सकता। यह मामला प्रयागराज के कर्नलगंज की शाखा से जुड़ा है। कौशांबी के चायल स्थित प्राथमिक विद्यालय (बालापुर) में तैनात प्रधानाध्यापक अंबेश कुमार सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक से पर्सनल लोन लिया था। 7 जून 2025 को एक दर्दनाक सड़क हादसे में उनकी अकाल मृत्यु हो गई। पति की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याचिकाकर्ता) को लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के तहत लगभग रुपए 50 लाख की दावा राशि (क्लेम) उनके सेविंग अकाउंट में प्राप्त हुई। इसके तुरंत बाद एसबीआई ने मृतक के पर्सनल लोन की बकाया राशि 17,29,999 को पत्नी के खाते से सीधे काट लिया। बैंक के इस मनमाने रवैये के खिलाफ विधवा ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ता की मुख्य दलील यह थी कि वह पति द्वारा लिए गए लोन में न तो सह-उधारकर्ता थीं और न ही गारंटर। इसलिए बैंक के पास उनके व्यक्तिगत खाते से कोई भी रकम वसूलने का कानूनी अधिकार नहीं है।

बैंक का तर्क और हाईकोर्ट का रुख

सुनवाई के दौरान एसबीआई ने लोन एग्रीमेंट की शर्त का हवाला दिया। बैंक के अनुसार, इस क्लॉज के तहत उसे उधारकर्ता के पैसे, खातों और संपत्तियों पर सेट-ऑफ तथा जनरल लियन का व्यापक अधिकार प्राप्त है। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने बैंक के तर्कों को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि यद्यपि लोन एग्रीमेंट का क्लॉज काफी व्यापक रूप से लिखा गया है, लेकिन प्रथम दृष्टया इससे बैंक को किसी विधवा के व्यक्तिगत इंश्योरेंस के पैसे से मृतक के लोन की वसूली करने का कानूनी अधिकार नहीं मिल जाता।

बीमा राशि मृतक की संपत्ति नहीं, लाभार्थी का अधिकार

हाईकोर्ट ने कानूनी बिंदु को स्पष्ट करते हुए कहा कि लाइफ इंश्योरेंस की रकम बीमित व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही देय होती है। इसलिए यह राशि कभी भी बीमित व्यक्ति की अपनी व्यक्तिगत संपत्ति नहीं रही होती। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा- यह रकम मृतक की संपत्ति या एस्टेट का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह लाभार्थी की अपनी स्वतंत्र संपत्ति है। कोर्ट ने आगे स्पष्ट किया कि बीमा राशि एक प्रकार का सामाजिक सुरक्षा उपाय और लाभ है, जिसे नॉमिनी या कानूनी उत्तराधिकारी अपनी स्वतंत्र हैसियत में प्राप्त करता है। इस पर बैंक का कोई जनरल लियन या सेट-ऑफ लागू नहीं हो सकता।

हाईकोर्ट का सख्त अंतरिम आदेश

अदालत ने माना कि एसबीआई द्वारा विधवा के खाते से की गई वसूली पूरी तरह से गैर-कानूनी थी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर 2026 तय की है और प्रतिवादियों को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही, स्टे एप्लीकेशन पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने एसबीआई रीजनल ऑफिस के सीनियर मैनेजर और कर्नलगंज शाखा के ब्रांच मैनेजर को निर्देश दिया है कि वे दो सप्ताह के भीतर कटौती की गई पूरी राशि 17,29,999 विधवा के खाते में वापस जमा करें। ऐसा न करने की स्थिति में अधिकारियों को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को स्पष्टीकरण देना होगा।

अग्रसेन जयंती महोत्सव 'अग्र उड़ान' 8 से, चार दिन शहर में होंगे विविध आयोजन

क्रिकेट-बैडमिंटन से लेकर महिलाओं और बच्चों की प्रतियोगिताएं, मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह होंगे

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। अग्रवाल समाज समिति, झुंझुनूं की ओर से भगवान श्री अग्रसेन महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में इस बार चार दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव-2026 'अग्र उड़ान' आयोजित किया जाएगा। 8 से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव में समाज के हर वर्ग को जोड़ने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं से लेकर महिलाओं और बच्चों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच, श्री अग्रसेन मेला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सम्मान समारोह आयोजित होंगे। महोत्सव की शुरुआत 8 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में अग्र ध्वजारोहण के साथ होगी। चार दिनों में शहर के अलग-अलग स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रतिभावान लोगों को मंच दिया जाएगा। अंतिम दिन 11 अक्टूबर को मुख्य समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे और मेधावी छात्र-छात्राओं सहित आयोजकों, प्रायोजकों और दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा।

8 अक्टूबर से होगी शुरुआत

सुबह 8 बजे अग्रसेन भवन में अग्र ध्वजारोहण होगा। सुबह 9 बजे जे.जे.टी. विश्वविद्यालय, चुड़ैला में क्रिकेट और शाम 4 बजे एसएस मोदी विद्या विहार में बैडमिंटन प्रतियोगिता होगी।

9 अक्टूबर को प्रतियोगिताएं

अग्रसेन भवन में क्रिएशन विद क्रोशिया, बधाई मेकिंग, लिखित प्रश्नोत्तरी, टैलेंट हंट और गेदरिंग गेम्स होंगे। शाम 7 बजे प्रश्न मंच और अग्र प्रसाद का आयोजन होगा। नगर परिषद चुनाव में विजयी और चुनाव में भाग लेने वाले अग्र बंधुओं का अभिनंदन एवं सम्मान भी होगा।

10 अक्टूबर को मेला और 80' सुपर स्टार धमाल

मुकुंद सेवा सदन में श्री अग्रसेन मेला और बच्चों के लिए पेपर बैग व फनी गेम्स होंगे। शाम 7 बजे अग्रसेन भवन में 'सूपर स्टार 80' धमाल' कार्यक्रम होगा।

11 अक्टूबर को मुख्य समारोह

शाम 6:30 बजे अग्रसेन भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह होगा। मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगिताओं के आयोजकों, प्रायोजकों और दानदाताओं का सम्मान किया जाएगा।



भारू में 'आंगन मिलन' का आगाज, पोषण प्रदर्शनी लगी, गोद भराई- अन्नप्राशन की रस्में हुईं

पोषण प्रदर्शनी के साथ गोद भराई, अन्नप्राशन और प्रवेश उत्सव की रस्में हुईं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा सहयोगिनियों का सम्मान

अशोक राईका



झुंझुनूं (नवयत्न)। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से रविवार को मंडावा ब्लॉक के भारू गांव में ब्लॉक स्तरीय 'विकसित भारत जन सेवा अभियान आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने केक काटकर किया। आयोजन में सुरक्षित मातृत्व, बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्री-स्कूल शिक्षा को लेकर विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय और घरेलू खाद्य पदार्थों तथा मोटे अनाज (श्री अन्न) से तैयार पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं गोद भराई, अन्नप्राशन और शाला पूर्व शिक्षा के लिए प्रवेश उत्सव जैसी रस्मों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार खीचड़ मुख्य अतिथि रहे। उपखंड अधिकारी मंडावा विश्वामित्र मीणा, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार मीणा, बीसीएमओ डॉ. संजीव कुलहरि, भाजपा मंडल अध्यक्ष मीरा इसरवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुनीता धायल, भारू चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल, सीडीपीओ सावित्री कृष्णिया, प्रधानाचार्य दिनेश खीचड़ और लोकेंद्र सिंह टांडी विशिष्ट अतिथि रहे। पूर्व सांसद खीचड़ ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व, सुपोषित स्वास्थ्य और बच्चों को अच्छे संस्कार देने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीडीपीओ सावित्री कृष्णिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रयासों से आए सकारात्मक बदलाव, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और बच्चों को खेल-खेल में दी जाने वाली प्री-स्कूल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उषा कुलहरि ने आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम की भूमिका और गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यकर्ताओं का सम्मान-

उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रधानमंत्री का संदेश एवं एक-एक तुलसी का पौधा भेंट किया गया। आशा सहयोगिनियों का माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री का संदेश सौंपते हुए अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उषा कुलहरि, रवि कुमार, प्रियंका, पुष्पा राठौड़, दीपक कुमार, विजेंद्र, प्रकाश सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, आशा सहयोगिनी और ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन प्रदीप ईश्वरवाल भारू ने किया।

भागीरथ प्रसाद इंदोरिया की 13वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, 251 यूनिट रक्त संग्रहित

श्याम दरबार मंदिर में आयोजित शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान



कृष्ण गांधी

सूरजगढ़ (नवयत्न)। कस्बे के श्याम दरबार मंदिर में श्यामलीन भक्त भागीरथ प्रसाद इंदोरिया की 13वीं पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के युवाओं सहित अन्य लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस दौरान 251 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। शिविर का शुभारंभ भक्त हजारी लाल सैनी, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी संतोष अहलावत, थानाधिकारी रामसिंह यादव और मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी ने श्यामलीन भक्त भागीरथ प्रसाद इंदोरिया के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। आयोजन में रुक्मानंद सैनी, मंडल महामंत्री संतोष कुमावत, मनोज शर्मा, पूर्व चेयरमैन नरेश वर्मा, रामस्वरूप जांगिड़, पार्षद संजय गोयल, नंदलाल सैनी, संजय सैनी, सज्जन अग्रवाल, विनोद खेतान, सज्जन जांगिड़, राजपाल, प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, विकास शर्मा, बाबूलाल डिडवानिया और संजय सैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शिविर में रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवाओं ने भी रक्तदान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पालीराम मुंशी ने किया। आयोजन समिति ने रक्तदाताओं और सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया।



गोविंददासपुरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, 65 टीमें ले रही हिस्सा

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। उपखंड के गोविंददासपुरा में रविवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्र की 65 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीराजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी रहे। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह निर्वाण और सचिन जांगिड़ रहे। अतिथियों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इसके बाद टीबा और जमालपुर की टीमों के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। इसमें टीबा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। विजेता टीम को 31 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मुख्य अतिथि सुरेंद्र फौजी ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को प्रतिभा निखारने का मंच मिलता है। खेलों से अनुशासन, आपसी भाईचारे और टीम भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में जय सिंह, कृष्ण सिंह, प्रकाश सिंह, भूपेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, साजिद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

टीबा ने जमालपुर को हराकर जीता उद्घाटन मुकाबला, विजेता को 31 हजार और उपविजेता को 21 हजार रुपए



कबड्डी और खो-खो में पीएम श्री विद्यालय का दबदबा

निसं

नवलगढ़ (नवयत्न)। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परसरामपुरा में आयोजित दो दिवसीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में परसरामपुरा के सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य पुष्पा शेखावत एवं कार्यक्रम प्रभारी कैलाश चंद सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रश्नोत्तरी, गणित-विज्ञान ओलंपियाड, निबंध लेखन, सामान्य ज्ञान और पर्यावरण क्विज सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पीएम श्री गतिविधियों, शैक्षणिक व्यवस्थाओं और विद्यालय में किए जा रहे नवाचारों का अवलोकन करने के लिए डिप्टी कमिश्नर (आईएएस) निधि सिंह, झुंझुनूं डीईओ राजेंद्र कुमार और नवलगढ़ एसीबीईओ नंदलाल सैनी ने विद्यालय का दौरा किया। प्रतियोगिता संयोजक भंवर लाल मीणा, पीएम श्री प्रभारी जितेंद्र कुमार पंवार और प्रतियोगिता प्रभारी मोती सिंह ने बताया कि प्रश्नोत्तरी के सीनियर वर्ग में पीएम श्री विद्यालय की संजू और जूनियर वर्ग में संस्कृत विद्यालय की सिया कंवर प्रथम रहीं। गणित-विज्ञान ओलंपियाड में सीनियर वर्ग में पीएम श्री विद्यालय के सुमित तथा जूनियर वर्ग में संस्कृत विद्यालय के सुमित ने प्रथम स्थान हासिल किया। निबंध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में चारण की ढाणी की रौनक और सीनियर वर्ग में पीएम श्री विद्यालय की किंजल कुमावत प्रथम रहीं। पर्यावरण क्विज के सीनियर वर्ग में पीएम श्री विद्यालय की दिव्यांशी और जूनियर वर्ग में सना ने बाजी मारी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में पीएम श्री विद्यालय की अंजलि और जूनियर वर्ग में सिमरन प्रथम रहीं।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में कबड्डी के सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में पीएम श्री विद्यालय विजेता रहा, जबकि महात्मा गांधी विद्यालय उपविजेता रहा। खो-खो के सीनियर वर्ग में भी पीएम श्री विद्यालय ने प्रथम और महात्मा गांधी विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में परसरामपुरा ग्राम प्रशासक करनीराम, घनश्याम चाहर, रूपसिंह राव, राजेंद्र मीणा, गणेश जांगिड़, सुभाष जांगिड़ सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीण मौजूद रहे।

विहिप की ओर से दो स्थानों पर साप्ताहिक सत्संग आयोजित

नवलगढ़ (नवयत्न)। विश्व हिंदू परिषद की ओर से घूमचक्कर के पास सेकसरिया गार्डन स्थित शिवालय और गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक सत्संग आयोजित किए गए। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष राममोहन सेकसरिया ने बताया कि संगठन की ओर से नगर में 10 स्थानों पर साप्ताहिक सत्संग शुरू किए जाएंगे। इनमें गायत्री शक्तिपीठ में सत्संग पहले से चल रहा है, जबकि सेकसरिया गार्डन में दूसरा सत्संग शुरू किया गया है। सेकसरिया गार्डन में आयोजित सत्संग की शुरुआत सत्संग प्रमुख सुभाष सिंह कच्छावा ने प्रणवोच्चार, एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र से की। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति और श्रीराम धुन का आयोजन हुआ। विश्व शांति और प्राणीमात्र के कल्याण की मंगलकामना की गई। पूर्णमल जाला ने भजन और सुभाष सिंह कच्छावा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। राममोहन सेकसरिया ने 'तीन वर्ष का राजा' बोधकथा सुनाई। सामाजिक जागरण के तहत नवरंगलाल बागड़ी ने विवाह समारोहों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। सह मंत्री मदनलाल सैनी ने धार्मिक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी कराई। आरती, शांति मंत्र और जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान राममोहन सेकसरिया, लक्ष्मण स्वामी, मदनलाल सैनी, सुभाष सिंह कच्छावा, नवरंगलाल बागड़ी, रामनिवास सैनी, पोकरमल सैनी, बाबूलाल शर्मा, पूर्णमल जाला, पुजारी मखनलाल सैनी और कमल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में भवानी शंकर सैनी, सुनील चोटिया, सुभाष पीपलवा, श्यामसुंदर सेकसरिया, नरोत्तम शर्मा, अनिल जांगिड़, रामोतार शर्मा और सुजित बगड़िया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



जयपुर के डॉ. ऋषभ जैन का प्रोस्टेट कैंसर शोध ईएसएमओ में प्रकाशित

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान हॉस्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषभ जैन द्वारा एम्स नई दिल्ली में किया गया प्रोस्टेट कैंसर संबंधी शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल ईएसएमओ में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में फैल चुके प्रोस्टेट कैंसर और कुछ विशेष जीन बदलाव वाले मरीजों पर कार्बोप्लैटिन कीमोथेरेपी के असर का अध्ययन किया गया। शोध में 39 मरीजों को कार्बोप्लैटिन दिया गया। इनमें 41 प्रतिशत मरीजों का पीएसए स्तर 50 प्रतिशत या इससे अधिक कम हुआ। बीआरसीए-2 जीन में बदलाव वाले मरीजों में करीब 63 प्रतिशत मामलों में पीएसए आधे से अधिक घटा। पीएसए में कमी उपचार के असर का महत्वपूर्ण संकेत मानी जाती है। शोध के अनुसार ऐसे मरीजों के लिए उपलब्ध कुछ लक्षित दवाएं काफी महंगी हैं, जबकि कार्बोप्लैटिन की लागत तुलनात्मक रूप से कम है। ऐसे में यह अध्ययन आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए प्रोस्टेट कैंसर के उपचार को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण संभावना प्रस्तुत करता है।



लाडनूं में अंतरविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



निसं

लाडनूं (नवयत्न)। युवक परिषद लाडनूं के तत्वावधान में हंसराज बेगानी एवं पूनमचंद दूगड़ की स्मृति में अंतरविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता-2026 का भव्य आयोजन ओसवाल पंचायत भवन में किया गया। प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकल एवं सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवनिर्वाचित पालिका चेयरपर्सन परवीन सिसोदिया ने की। इस अवसर पर शहर के विकास से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकुमार चौरड़िया ने पालिका चेयरपर्सन से शहर के मुख्य बस स्टैंड एवं राहु कुंवा क्षेत्र के सुधार एवं विकास की मांग रखी। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में शिवसेना प्रदेशाध्यक्ष मंजीत पाल सिंह, नौशाद अली सिसोदिया, राजकुमार चौरड़िया, जौहरी मल दूगड़, उमेश बोकड़िया, पार्षद मनसब खान, एडवोकेट इरफान खान, डॉ. वीरेंद्र भाटी, आलोक खटेड, चौथमल किल्ला, चांद कपूर सेठी, राजा बड़गुजर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बचपन स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया लाडनूं का गौरव



निसं

लाडनूं (नवयत्न)। अणुव्रत क्रिएटिविटी प्रतियोगिता में बचपन स्कूल लाडनूं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 6 के छात्र हार्दिक भंसाली ने कविता प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ हार्दिक का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं कक्षा 8 की छात्रा अनम खान ने भाषण प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या हर्षिता जैन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच एवं उचित मार्गदर्शन देना विद्यालय की प्राथमिकता है। निदेशक दिनेश धेडू ने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

मिट्टी के नीचे दफन थी छह माह की गर्भवती महिला

निसं

जयपुर (नवयत्न)। बिंदायका थाना क्षेत्र की प्रेस्टीज कॉलोनी में रविवार सुबह एक मकान के अंदर मिट्टी में दबा महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मकान मालिक देखरेख के लिए पहुंचे तो घर में ताला लगा था और अंदर से बदबू आ रही थी। पड़ोसियों से पूछताछ के बाद अंदर जाकर देखा तो बाउंड्रीवाल के भीतर मिट्टी खोदी हुई थी और गड्ढे में दफन महिला का हाथ बाहर निकला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी खोदकर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के बाराबंकी निवासी किरन 32 के रूप में हुई है। वह करीब छह माह की गर्भवती थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उत्तर प्रदेश निवासी प्रवेश 22 ने करीब दो महीने पहले मकान किरा, पर लिया था और किरन को अपनी पत्नी बताकर उसके साथ रह रहा था। पुलिस को आशंका है कि करीब दो-तीन दिन पहले किरन की हत्या कर शव को रात के समय गड्ढा खोदकर दफ्नाया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि शव दफन करने के बाद उसके ऊपर नमक डाला गया और फिर मिट्टी से गड्ढा ढक दिया गया। हत्या के बाद भी प्रवेश करीब तीन दिन तक घर आता-जाता रहा। रविवार सुबह वह मकान से निकल गया और इसके बाद फ्रार हो गया। पुलिस के अनुसार उसने ठेकेदार से पैसे उधार लिए और फ्रार हुआ है। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि किराएदार प्रवेश ने महिला को अपनी पत्नी बताया था। पुलिस मृतका के परिजनों की जानकारी जुटाने के साथ आरोपी की तलाश में जुटी है। हत्या के कारणों और वारदात के तरीके को लेकर भी जांच की जा रही है।

बदनाम करने की धमकी देकर छात्र से वसूले 1.50 लाख

जयपुर (नवयत्न)। डेटिंग ऐप के जरिए दोस्ती कर कॉलेज छात्र से 1.50 लाख रुपए ऐंठने और बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश निवासी 26 वर्षीय छात्र ने शिवदासपुरा थाने में अर्जुन नाम के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्र जयपुर में कॉलेज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार छात्र की करीब एक महीने पहले ग्राइंडर ऐप के जरिए अर्जुन से पहचान हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत के बाद 22 अगस्त को जगतपुरा में मिलने का तय हुआ। आरोप है कि मुलाकात के बाद अर्जुन छात्र को बाइक पर हॉस्टल ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद कॉलेज, हॉस्टल और घरवालों को उसकी निजी जानकारी बताकर बदनाम करने की धमकी दी। आरोप है कि इसका वीडियो भी बनाया गया और उसी दिन ऑनलाइन एक लाख रुपए ट्रांसफर करवाए गए। छात्र के अनुसार 30 अगस्त को आरोपी फिर हॉस्टल पहुंचा और मारपीट कर 40 हजार रुपए ले लिए तथा 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए।

घर-दुकान बचाने सड़क पर उतरे लोग

न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए की डिमार्केशन का विरोध

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जिस घर में किसी की कई पीढ़ियां बीत गईं, जिस दुकान से परिवार की रोजी-रोटी चल रही है और जिन मकानों से बच्चों की पढ़ाई का खर्च निकलता है, रविवार को उन्हीं घरों और दुकानों को बचाने के लिए न्यू सांगानेर रोड पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी सड़क पर उतर आए। जेडीए की ओर से सड़क चौड़ीकरण के लिए शुरू की गई डिमार्केशन कार्रवाई के विरोध में लोगों ने सरकार और प्रशासन की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर प्रदर्शन किया। कई महिलाएं सड़क पर बैठ गईं जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने की कोशिश की तो माहौल और गरमा गया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय विधायक, जेडी, प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध के दौरान महिलाओं की आंखों में आंसू और व्यापारियों में कार्रवाई को लेकर नाराजगी दिखाई दी।

2.4 किलोमीटर में 260 निर्माण चिह्नित करने की तैयारी

जेडीए एनफोर्समेंट पुलिस अधीक्षक इस्लाम खान के अनुसार राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच के निर्णय के तहत सोडाला तिराहे से गुर्जर की थड़ी तक करीब 2.4 किलोमीटर क्षेत्र में डिमार्केशन किया जा रहा है। इसके साथ ही संबंधित लोगों को नोटिस देने की कार्रवाई भी चल रही है। जेडीए के अनुसार करीब 260 निर्माणों को चिह्नित किया जाना है। इसके लिए पांच टीमें लगाई गई हैं। डिमार्केशन के दायरे में दुकानेंए चबूतरे, रैंप और अन्य निर्माण शामिल हैं।

लोगों की चिंता-मकान गया तो रोजगार भी जाएगा

प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि वे वर्षों से न्यू सांगानेर रोड क्षेत्र में रह रहे हैं। कई परिवारों की कई पीढ़ियां इसी इलाके में बीती हैं। स्थानीय निवासी पूनम शर्मा ने कहा कि यदि मकान और दुकान प्रभावित हुए तो लोगों के सामने रहने के साथ रोजगार का संकट भी खड़ा हो जाएगा। कई परिवारों के बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं। ऐसे में कार्रवाई का असर उनके भविष्य पर भी पड़ेगा। लोगों ने डिमार्केशन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई से पहले उनकी आपत्तियां और समस्याएं सुनी जानी चाहिए।

व्यापारियों की मांग. पहले तय हो पुनर्वास

स्थानीय व्यापार मंडल के संरक्षक ओम राजोरिया ने जेडीए की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि डिमार्केशन के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में व्यापारियों और स्थानीय लोगों के साथ धक्का-मुक्की हुई। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई से बड़ी संख्या में लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी। व्यापारियों ने सवाल उठाया कि यदि दुकानें और मकान हटाए जाते हैं तो उनके पुनर्वास की क्या व्यवस्था होगी। उनका कहना है कि त्योहारी सीजन कारोबार के लिए महत्वपूर्ण है और ऐसे समय में कार्रवाई की आशंका से व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों ने मास्टर प्लान को लेकर भी स्थानीय लोगों से पर्याप्त बातचीत नहीं होने और पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होने का मुद्दा उठाया।

समझाइश के लिए पहुंचे विधायक

विरोध की सूचना पर स्थानीय विधायक गोपाल शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों और व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने कहा कि जनता की बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि लोगों को लगता है कि डिमार्केशन में कहीं पक्षपात हुआ है या गलत तरीके से निशान लगाए गए हैं तो सरकार इस मामले को देखेगी। उन्होंने बताया कि जेडीए अधिकारियों से लगातार बातचीत की जा रही है और जनहित को ध्यान में रखते हुए समाधान निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मास्टर प्लान पर भी उठाए सवाल

विधायक गोपाल शर्मा ने मास्टर प्लान को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समय के साथ मास्टर प्लान में बदलाव होते रहे हैं और नियमों का पालन हर जगह एक जैसा नहीं हो पाया है। उनका कहना था कि जब जेडीए अस्तित्व में भी नहीं थाए तब भी इस क्षेत्र में लोगों के मकान मौजूद थे। ऐसे में लोगों के भविष्य से जुड़ा फैसला केवल जेडीए स्तर पर नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने मामले को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की संभावना की भी बात कही।

अब घर, दुकान, रोजगार और पुनर्वास का सवाल

न्यू सांगानेर रोड का विवाद अब केवल सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं रह गया है। एक तरफजेडीए न्यायालय के आदेश के तहत डिमार्केशन और नोटिस की कार्रवाई आगे बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग और व्यापारी अपने घरए दुकान और रोजगार बचाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों की ओर से डिमार्केशन की निष्पक्षता, आपत्तियों की सुनवाई, मुआवजा और पुनर्वास की मांग उठाई जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में डिमार्केशन के बाद जारी होने वाले नोटिस, लोगों की आपत्तियों और प्रशासन की ओर से समाधान की दिशा में उठाए जाने वाले कदम महत्वपूर्ण होंगे।



पुनर्वास के बिना तोड़फोड़ मानवाधिकारों का हनन : खाचरियावास

वहीं न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए की डिमार्केशन कार्रवाई के बीच रविवार को विरोध तेज हो गया। स्थानीय लोगों और व्यापारियों के प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने प्रभावित क्षेत्र का पैदल दौरा किया और व्यापारियों व मकान मालिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना पुनर्वास और मुआवजे के मकान दुकान तोड़ने की कार्रवाई की जाती है तो इससे प्रभावित परिवारों के सामने रहने और रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। खाचरियावास ने कहा कि सरकार को किसी भी कार्रवाई से पहले प्रभावित परिवारों के लिए मकान और व्यापारियों के लिए दुकान की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने इसे मानव अधिकारों से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि दुकान के बदले दुकान और मकान के बदले मकान की व्यवस्था के बाद ही आगे की कार्रवाई पर विचार होना चाहिए। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय जोधावाड़ा में 735 दुकानों को हटाने का उदाहरण देते हुए दावा किया कि प्रभावित दुकानदारों को लुआ मंडी में दुकान के बदले दुकान दी गई थी और किरायेदारों को मुआवजा भी दिया गया था। उनके अनुसार उस समय पुनर्वास नीति के तहत प्रभावित लोगों के हितों का ध्यान रखा गया था। खाचरियावास ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संबंधित मंत्री और स्थानीय विधायक पर नोटिस और तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए और बिना मुआवजे व पुनर्वास के कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों और मकान मालिकों के साथ पूरी न्यू सांगानेर रोड का पैदल दौरा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और उनके मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाएगी।

विश्व हृदय दिवस : 12 किमी साइकिल चलाकर डीजीपी ने दिया स्वस्थ हृदय का संदेश

निसं

जयपुर (नवयत्न)। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रविवार को जयपुर में स्वस्थ हृदय और फिट जीवनशैली का संदेश देने के लिए हेल्दी हार्ट साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। मानसरोवर स्थित प्रियंका हॉस्पिटल एंड कार्डियक सेंटर से शुरू हुई साइक्लोथॉन में करीब 200 साइकिलिस्ट ने हिस्सा लिया। राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने स्वयं करीब 12 किलोमीटर साइकिल चलाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और नियमित शारीरिक गतिविधि का संदेश दिया। साइक्लोथॉन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार सिंह और वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएल शर्मा ने भी साइकिल चलाई। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क और मजबूत हृदय का वास होता है। भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ और मजबूत हृदय महत्वपूर्ण है। उन्होंने नियमित रूप से सक्रिय रहने, तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने तथा फिटनेस के लिए साइकिलिंग जैसी गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहना जरूरी है, ताकि वे पूरी तत्परता और दक्षता से आमजन की सेवा कर सकें।



इलाज से पहले बचाव पर जोर-वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएल शर्मा ने कहा कि हृदय रोगों से बचाव के लिए नियमित शारीरिक गतिविधि बेहद जरूरी है। बीमारी होने के बाद उपचार कराने की बजाय जोखिम कम करने के लिए पहले से ही जीवनशैली में बदलाव करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि के लिए समय निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग जैसी गतिविधियां शरीर को सक्रिय रखने के साथ हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं।

युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा-साइक्लोथॉन में युवाओं के साथ पुलिस अधिकारी, जवान और शहरवासी भी शामिल हुए। रास्ते में लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। एडीजी विजय कुमार सिंह ने भी साइकिल चलाकर फिटनेस का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारतीय एथलीट और पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी गेस्ट ऑफऑनर रहे।

सांसद ने किया प्रतिभागियों का सम्मान-साइक्लोथॉन के समापन समारोह में सांसद मंजू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज के जिम्मेदार लोग स्वयं आगे बढ़कर फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव आम लोगों पर भी पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान पुलिस की ओर से लोगों से खेल, साइक्लिंग और योग जैसी गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया गया।

रामकृष्ण मिशन के नेत्र शिविर में 95 मरीजों की जांच, 48 का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

खेतड़ी में निशुल्क शिविर आयोजित, मिशन की सामाजिक सेवा गतिविधियों की भी दी जानकारी

निसं




खेतड़ी (नवयत्न)। स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानंद स्मृति मंदिर में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने फीता काटकर किया। शिविर में जयपुर के सहाय नेत्र रिसर्च सेंटर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 95 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के बाद 48 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मरीजों के ऑपरेशन निशुल्क कराए जाएंगे। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन की ओर से समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों का लाभ गरीब और जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित होकर महिलाओं को निशुल्क सिलाई केंद्र में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा जरूरतमंद परिवारों को समय-समय पर कपड़े और घरेलू उपयोग की सामग्री वितरित की जाती है। मिशन में आने वाले लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि मिशन के सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए गरीब और असहाय लोगों की सेवा में जुटे हैं।


वार्ड में भव्य आभार रैली का हुआ आयोजन

निसं



लाडनूं (नवयत्न)। नगरपालिका चुनाव के बाद वार्ड संख्या 22 में रविवार शाम धन्यवाद रैली का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी निर्मला जांगिड़ के निवास स्थान से शुरू हुई रैली में बड़ी संख्या में वार्डवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति शामिल हुई। जांगिड़ परिवार की ओर से वार्डवासियों का अभिनंदन करते हुए चुनाव में दिए गए समर्थन और विश्वास के लिए आभार जताया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता करणी सिंह ने वार्डवासियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भाजपा पर भरोसा जताने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों का समर्थन पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों में भी एकजुटता बनाए रखते हुए प्रधान बनाने के लक्ष्य के साथ साथ चलने की अपील की। रैली के दौरान हनुमानल जांगिड़ एवं सुमित जांगिड़ ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों और वार्डवासियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला शक्ति मौजूद रही। धन्यवाद रैली के दौरान वार्ड में उत्साह का माहौल देखने को मिला और जांगिड़ परिवार ने सभी वार्डवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग एवं एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190